


# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 330

ग्वालियर, शनिवार 20 अगस्त 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## कोरोना की कमजोर नब्ज वैज्ञानिकों ने खोज निकाली

**नई दिल्ली।** कोरोना महामारी एक बार फिर से डराने लगी है। भारत सहित दुनिया के कई देशों में कोरोना मामलों में अचानक वृद्धि देखी गई है। हालांकि इस बीच वैज्ञानिकों ने एक अच्छी खबर दी है। वैज्ञानिकों का कहना है कि उन्होंने कोविड-19 के सभी प्रमुख वेरिएंट में एक सामान्य कमजोरी ढूंढ़ निकाली है। गुरुवार को प्रकाशित एक स्टडी के अनुसार शोधकर्ताओं ने कहा कि उन्होंने कोरोना के सबसे अधिक ट्रांसमिसिबल ओमिक्रॉन के सबवेरिएंट में भी यही सामान्य कमजोरी देखी है। उनका कहना है कि इससे एक लक्षित एंटीबॉडी उपचार टारगेटेड एंटीबॉडी ट्रीटमेंट की संभावना बढ़ गई है। आसान शब्दों में कहें तो वैज्ञानिकों ने एक ऐसे एंटीबॉडी की पहचान की है जो ओमिक्रॉन और कोरोनावायरस के अन्य वेरिएंट को भी बेअसर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। कोरोना वेरिएंट्स की कमजोर नब्ज खोजने वाले शोधकर्ताओं की टीम का नेतृत्व एक भारतीय-कैनेडियन वैज्ञानिक सुब्रमण्यम ने किया। आईआईटी-कानपुर से केमिस्ट्री में एमएससी करने वाले सुब्रमण्यम के अनुसार, एंटीबॉडी एक विशिष्ट तरीके से वायरस से जुड़ती हैं, ठीक वैसे ही जैसे एक चाबी ताले में जाती है। हालांकि, जब वायरस



म्यूटेट होता है, तो चाबी फिट नहीं होती है। उन्होंने कहा, हम मास्टर चाबी की तलाश कर रहे थे - यानी ऐसी एंटीबॉडी की जो व्यापक म्यूटेशन के बाद भी वायरस को बेअसर कर सके। स्टडी कनाडा की ब्रिटिश कोलंबिया यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ पिट्सबर्ग (यूएस) के शोधकर्ताओं ने मिलकर की है। जहां कनाडाई शोधकर्ताओं का नेतृत्व चिकित्सा संकाय के प्रोफेसर डॉ श्रीराम सुब्रमण्यम ने किया तो वहीं अमेरिका की तरफ से डॉक्टर मिट्को दिमित्रोव और वेई ली ने शोधकर्ताओं का नेतृत्व किया। यह स्टडी नेचर कम्युनिकेशंस पत्रिका में प्रकाशित हुई है। ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय ने एक बयान में बताया, ÷इस नए पेपर में पहचान की गई %मास्टर चाबी% कोई और नहीं बल्कि एंटीबॉडी का ही एक टुकड़ा है जिसे वीएच एबी 6 कहते हैं। इसे अल्फा, बीटा, गामा, डेल्टा, कप्पा, एप्सिलॉन और ओमिक्रॉन वेरिएंट के खिलाफ प्रभावी पाया गया है। यह एंटीबॉडी टुकड़ा स्पाइक प्रोटीन पर एपिटोप से जुड़कर और वायरस को मानव कोशिकाओं में प्रवेश करने से रोककर सरस-कोव-2 (कोरोना वायरस) को बेअसर कर देता है।

## जामनगर में मुकेश अंबानी का निजी चिड़ियाघर खोलने का रास्ता साफ, सुप्रीम कोर्ट ने दी परमिशन

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जामनगर के 'ग्रीन जूलोजिकल रेस्क्यू एंड रिहेबिलेशन सेंटर के खिलाफ दाखिल जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। यह याचिका अधिवक्ता कन्हैया कुमार ने दाखिल की थी।



सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि इसमें कोई विवाद नहीं है, कि ग्रीन जूलोजिकल रेस्क्यू एंड रिहेबिलेशन सेंटर एक चिड़ियाघर और पंजीकृत संरक्षण केंद्र है। उस विदेश से जानवरों को लाकर यहां रखने की अनुमति देने में केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने किसी तरह की कोई कानूनी गलती नहीं की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, ऐसा नहीं लगता कि याचिकाकर्ता ने जनहित याचिका दाखिल करने से पहले पर्याप्त रिसर्च की है। याचिकाकर्ता को फटकार लगाकर शीर्ष अदालत ने कहा कि वह खुद भी इस फील्ड के विशेषज्ञ नहीं हैं और उन्होंने सिर्फ न्यूज रिपोर्ट के आधार पर याचिका दाखिल कर दी। न्यूज रिपोर्ट भी किसी विशेषज्ञ ने तैयार नहीं की है। सभी तथ्यों को देखकर यह नहीं कहा जा सकता है कि इसमें किसी तरह का गैर कानूनी काम हुआ है।

## राजू श्रीवास्तव की सलामती के लिए हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे एहसान कुरैशी

**नई दिल्ली।** स्टार कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव की सेहत में सुधार देखने को मिल रहा है। राजू श्रीवास्तव की पत्नी शिखा और उनके मैनेजर मकबूल ने राजू की हालत को स्थिर बताया है। देशभर में राजू श्रीवास्तव के चाहने वाले उनकी सेहत और सलामती की दुआ कर रहे हैं। इसी कड़ी में उनके को-स्टार रहे एहसान कुरैशी ने बताया कि राजू के तमाम दोस्त उनके लिए हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे हैं। एहसान कुरैशी ने बताया, %डॉक्टरों ने हार मान ली है। उन्होंने परिवार को आश्वासन दिया है कि उन्होंने उन्हें (राजू को) बचाने के लिए हर संभव कोशिश की है, और अब कोई चमत्कार ही उन्हें बचा सकता है। उनके निधन के बारे में आ रही खबरें झूठी हैं। डॉक्टरों ने कहा है कि वह ब्रेन डेड हैं। उनकी हालत गंभीर है। हम सभी दोस्त उनके लिए दुआ कर रहे हैं और कुछ देर पहले ही हम हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे थे। रिपोर्ट के मुताबिक एहसान कुरैशी ने कहा, मैं आखिरी बार उनसे ओशिवारा पुलिस स्टेशन के पास मिला था। मारीगोल्ड बिल्डिंग में उनका दफ्तर है। वह जब भी लखनऊ आया करते थे, तब वह दोस्तों के साथ कॉफी पिया करते थे। मैं और सुनील पाल जब उनसे मिले थे, तब हमने उनसे फिल्मों के लिए सब्सिडी का आवेदन करने के बारे में बात की थी।



## देश भर के मंदिरों में जन्माष्टमी की तैयारियां, मथुरा में भी उमड़ी भक्तों की भीड़

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी

**नई दिल्ली।** देश भर के मंदिरों में शुक्रवार को कृष्ण जन्माष्टमी मनाने की तैयारियां जोरों पर हैं। जन्माष्टमी समारोह गुरुवार देर शाम से शुरू होने के साथ ही मथुरा में मंदिरों में भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा है। इस पावन पर्व पर शहर के मंदिरों को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। पूरे शहर और मंदिरों में जय श्री कृष्ण के जयकारे पूरे गूंज रहे हैं। देशभर के कृष्ण मंदिरों में भक्तों में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। मुंबई में इस्कॉन मंदिर में लोगों का जमावड़ा लगने लगा है। नोएडा के इस्कॉन मंदिर में सुबह की आरती देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। वहीं केरल के कोझीकोड में बच्चों के साथ भक्तों ने एक जुलूस में हिस्सा लिया, जिसे कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर



निकाला गया था। इस बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी और कहा कि यह हमें अपने विचारों, शब्दों और कार्यों में पुण्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। राष्ट्रपति ने एक संदेश में कहा ?कि जन्माष्टमी के पावन अवसर पर, मैं भारत और विदेशों में रहने वाले सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। उन्होंने कहा ?कि भगवान कृष्ण के जीवन और शिक्षाओं में कल्याण और पुण्य का संदेश शामिल था। उन्होंने निष्काम कर्म की अवधारणा का प्रचार किया और लोगों को धर्म के मार्ग के माध्यम से परम सत्य की प्राप्ति के बारे में बताया। मैं प्रार्थना करती हूं कि यह त्योहार जन्माष्टमी हमें अपने विचारों, शब्दों और कार्यों में सद्गुण के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती है। जन्माष्टमी भगवान कृष्ण की जयंती को चिह्नित करने के लिए पूरे देश में हर साल मनाई जाती है। श्रद्धालु उपवास रखकर और मंदिरों में प्रार्थना करते हैं। हिंदू कैलेंडर के अनुसार, भगवान विष्णु के अवतार भगवान कृष्ण का जन्म भाद्र महीने के आठवें दिन हुआ था। पश्चिमी कैलेंडर के अनुसार यह दिन ज्यादातर अगस्त या सितंबर के महीनों में पड़ता है। वहीं कृष्ण जनमाष्टमी के अवसर पर चंडीगढ़ में पूरे शहर को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया। इस पर्व पर भक्तों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। कर्नाटक में भी कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर को जश्न के रूप में मनाने के लिए बेंगलुरु के इस्कॉन मंदिर में लोग इकट्ठा हुए हैं। महाराष्ट्र में कृष्ण जनमाष्टमी के अवसर पर मुंबई के इस्कॉन मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी का जश्न शुरू होते ही लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर मथुरा में उमड़ी भारी संख्या में श्रद्धालु इकट्ठा हुए हैं।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर पीएम मोदी ने सुख-समृद्धि की कामना के साथ देशवासियों को दी बधाई



**नई दिल्ली।** भक्ति के परम आनंद का पर्व कृष्ण जन्माष्टमी आज देश-दुनिया में पूरे उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी देशवासियों को कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी है। पीएम मोदी ने ट्वीट किया, 'भक्ति और उल्लास का यह त्योहार सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य लाए।' बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और राष्ट्रपति एम. अब्दुल हमीद ने भी जन्माष्टमी के मौके पर हिंदू समुदाय को बधाई दी है। वहीं, ब्रिटेन में प्रधानमंत्री पद के प्रबल दावेदार ऋषि सुनक भी कृष्ण मंदिर में दर्शन-पूजन करने पहुंचे। जन्माष्टमी के पवित्र अवसर पर बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने गुरुवार को देश के हिंदू समुदाय से खुद को अल्पसंख्यक नहीं मानने का आग्रह करते हुए कहा कि बांग्लादेश में सभी लोगों को उनके धर्म के बावजूद समान अधिकार प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा, 'हम चाहते हैं कि सभी धर्मों के लोग समान अधिकारों के साथ रहें। आप इस देश के लोग हैं। यहां आपको समान अधिकार हैं। आपके पास भी वही अधिकार हैं जो मेरे पास हैं। हम भी आपको उसी तरह देखना चाहते हैं। कृपया खुद को कमजोर मत समझें। आप इस देश में जन्म लेते हैं, आप इस देश के नागरिक हैं।' उन्होंने कहा, 'मैं एक बात बड़े अफसोस के साथ कहना चाहूंगी कि जब भी देश में कोई घटना होती है, तो उसका देश.विदेश में इस तरह प्रचार-प्रसार किया जाता है कि इस देश में हिंदुओं का कोई हक नहीं है। हसीना ने कहा कि जब भी कोई घटना होती है, तो सरकार उसके खिलाफ तत्काल कार्रवाई करती है। लेकिन घटनाओं के बाद सरकार की कार्रवाई पर उचित ध्यान नहीं दिया जाता है।

## सीबीआई ने सिसौदिया व कुछ वरिष्ठ अफसरों के दो दर्जन ठिकानों एकसाथ की छापेमारी



**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी घोटाले के मामले में सीबीआई ने दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के कई ठिकानों पर एक साथ तलाशी अभियान शुरू किया है। दिल्ली के पूर्व आबकारी आयुक्त अरवा गोपी कृष्ण के यहां भी सीबीआई की टीम पहुंची है। कुछ बड़े शराब कारोबारियों के यहां भी जांच एजेंसी ने एक साथ छापा मारा है। खबर है कि करीब दो दर्जन ठिकानों पर केंद्रीय जांच एजेंसी की छापामार कार्रवाई चल रही है।

दो बड़े नौकरशाह आनंद तिवारी और पंकज भटनागर के यहां भी सीबीआई की टीमें पहुंची हैं। आनंद तिवारी आईएएस हैं, जबकि पंकज भटनागर दिल्ली के पूर्व सह आबकारी आयुक्त हैं। सूत्रों के अनुसार कार्रवाई दिल्ली तक ही सीमित नहीं है। सीबीआई पूरे देश में लगभग 24 स्थानों पर एक साथ छापेमारी कर रही है। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने ट्वीट कर छापेमारी की पुष्टि की है। उन्होंने लिखा, सीबीआई आई है। उनका स्वागत है। हम कट्टर ईमानदार हैं। लाखों बच्चों का भविष्य बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे देश में जो अच्छा करने की कोशिश करता है, उसे परेशान किया जाता है। यही वजह है हमारा देश अब तक नम्बर-एक नहीं बन पाया है। मनीष सिसोदिया ने कहा हम सीबीआई का स्वागत करते हैं। जांच में पूरा सहयोग देंगे, ताकि सच जल्द सामने आ सके। अभी तक मुझ पर कई केस किए, लेकिन कुछ नहीं निकला। इसमें भी कुछ नहीं निकलेगा। देश में अच्छी शिक्षा के लिए मेरा काम रोका नहीं जा सकता। ये लोग दिल्ली की शिक्षा और स्वास्थ्य के शानदार काम से परेशान हैं। इसीलिए दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री और शिक्षा मंत्री को पकड़ा है, ताकि शिक्षा स्वास्थ्य के अच्छे काम रोके जा सकें। हम दोनों के ऊपर झूठे आरोप हैं। कोर्ट में सच सामने आ जाएगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मनीष सिसोदिया के समर्थन में ट्वीट किया। उन्होंने लिखा दिल्ली के शिक्षा और स्वास्थ्य मॉडल की पूरी दुनिया चर्चा कर रही है। इसे ये रोकना चाहते हैं। इसीलिए दिल्ली के स्वास्थ्य और शिक्षा मंत्रियो पर रेड और गिरफ्तारी। 75 सालों में जिसने भी अच्छे काम की कोशिश की, उसे रोका गया। इसीलिए भारत पीछे रह गया। उन्होंने कहा कि हम दिल्ली के अच्छे कामों को रुकने नहीं देंगे, जिस दिन अमेरिका के सबसे बड़े अखबार के फ्रंट पेज पर दिल्ली शिक्षा मॉडल की तारीफ और मनीष सिसोदिया की तस्वीर छपी, उसी दिन मनीष के घर केंद्र ने सीबीआई भेजी।

## सेना में शामिल होना चाहता था, लेकिन पारिवारिक कारणों से हो नहीं सका : राजनाथ सिंह

**इंफाल।** केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वह भारतीय सेना में शामिल होना चाहते थे, लेकिन पारिवारिक कारणों के चलते ऐसा नहीं कर सके। रक्षा मंत्री सिंह ने असम राइफल्स और भारतीय सेना की 57वीं माउंटेन डिवीजन के जवानों को संबोधित कर बताया कि मैंने सैन्य बलों में शामिल होने के लिए परीक्षा भी दी थी। उन्होंने कहा मैं अपने बचपन की एक कहानी बताता हूं। मैं भी सेना में शामिल होना चाहता था और मैंने एक बार 'शार्ट सर्विस कमीशन' की परीक्षा भी दी थी। मैंने लिखित परीक्षा दी थी, लेकिन मेरे पिता का निधन हो जाने और कुछ अन्य पारिवारिक समस्याओं के कारण मैं सेना में शामिल नहीं हो सका। उन्होंने कहा, यदि आप किसी बच्चे को सेना की वर्दी देते हैं, तब आप देखते हैं, कि



उसका व्यक्तित्व ही बदल जाता है। इस वर्दी में कुछ बात है।' इस मौके पर थल सेना के प्रमुख जनरल मनोज पांडे भी थे। कार्यक्रम से पहले उन्होंने सेना के जवानों और अफसरों से मुलाकात भी की। राजनाथ सिंह ने कार्यक्रम के दौरान भारत और चीन के बीच पैदा हुए गतिरोध के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा दिखाए गए शौर्य को याद किया। उन्होंने कहा, %जब भारत-चीन गतिरोध जारी था, तब आपके पास शायद विस्तार से जानकारी नहीं होगी, लेकिन मैं और उस समय के सेना प्रमुख हमारे जवानों के साहस एवं बहादुरी से अवगत थे, हमारा देश आपका सदैव ऋणी रहेगा। सिंह ने कहा, मैं जहां कहीं भी जाता हूं, मैं सुनिश्चित करता हूं कि मैं सैन्यकर्मियों से मुलाकात करूं। जब मेरे मणिपुर दौरे की योजना बनी थी, तब मैंने (सेना प्रमुख) पांडे जी से कहा था कि मैं असम राइफल्स और 57वीं माउंटेन डिवीजन के कर्मियों से मिलना चाहता हूं।' उन्होंने कहा कि सैन्य कर्मियों से मिलकर उन्हें गौरव की अनुभूति होती है। सिंह ने कहा, 'चिकित्सक, इंजीनियर और चार्टर्ड अकाउंटेंड किसी न किसी तरीके से देश के लिए योगदान दे रहे हैं। लेकिन मेरा मानना है कि आपका पेशा एक पेशे से बढ़कर सेवा है।'

## विमान 37000 फीट की ऊंचाई पर दोनों पायलट नींद में

**नई दिल्ली।** अगर विमान 37000 फीट की ऊंचाई पर उड़ रहा हो और पायलटों को नींद आ जाए तो क्या होगा? ऐसी ही एक चौंकाने वाली घटना इथियोपिया में हुई है। सूडान के खारतूम से आदिस अबाबा जा रही इथियोपियन एयरलाइंस के दोनों पायलट इस कदर गहरी नींद में सो गए कि विमान को लैंड कराना ही भूल गए। यह घटना सोमवार की है। इसके मुताबिक जब एयरपोर्ट के करीब पहुंचने के बाद फ्लाइट ईटी343 ने लैंडिंग की कोशिश नहीं शुरू की तो एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने अलर्ट भेजा। कई कोशिशों के बावजूद एटीसी पायलटों से संपर्क नहीं कर सका। वहीं पायलटों के नींद में होने के चलते ऑटो



पायलट की मदद से विमान हवा में उड़ रहा था। एविएशन हेराल्ड के मुताबिक जब विमान ने रनवे को भी क्रॉस कर लिया तो ऑटो पायलट डिसेबल हो गया। इसके साथ ही विमान में जोर का अलार्म बजा, जिससे दोनों पायलटों की नींद खुल गई। इसके बाद उन्होंने विमान का कंट्रोल अपने हाथों में लिया। इसके बाद करीब 25 मिनट के बाद विमान को फिर से रनवे की तरफ लेकर पहुंचे। यहां पर विमान को सुरक्षित उतारा गया। अच्छी बात यह रही कि विमान सुरक्षित ढंग से लैंड हो गया और किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। एविएशन सर्विलांस सिस्टम से जो डाटा मिला है, उससे भी घटना की पुष्टि हुई है। इसमें साफ पता चल रहा है कि विमान रनवे के ऊपर से निकल गया था। इसने एक तस्वीर भी पोस्ट की है, जिसमें विमान आदिस अबाबा एयरपोर्ट के ऊपर चक्कर काट रहा है। उड़ान विश्लेषक एलेक्स मैचरास ने भी घटना के बारे में ट्विटर पर पोस्ट किया है। उन्होंने इसे बेहद चिंताजनक बताया और इसके लिए पायलटों की थकान को जिम्मेदार माना है।

## खास खबर

### कोरोना और मंकीपॉक्स के बाद टोमेटो फ्लू का खतरा बढ़ा

**नई दिल्ली।** कोरोना और मंकीपॉक्स के बाद अब टोमेटो फ्लू का खतरा बढ़ा है। भारत में टोमेटो फ्लू के 80 संभावित मामले देखने को मिले हैं, जहां बच्चों के शरीर पर दर्दनाक फफोले बन रहे। रिपोर्ट के मुताबिक टोमैटो फ्लू का नाम पूरे शरीर में होने वाले लाल और दर्दनाक फफोले के आधार पर पड़ा है, जो धीरे-धीरे बड़ा होकर टमाटर के आकार का हो जाता है। टोमेटो फ्लू होने पर त्वचा पर चकत्ते भी दिखाई देते हैं, जिससे मरीजों को त्वचा में जलन की शिकायत रहती है। इस बीमारी में थकान, मितली, उल्टी, दस्त, बुखार, पानी की कमी, जोड़ों की सूजन, शरीर में दर्द और सामान्य इन्फ्लूएंजा जैसे लक्षण दिखाई पड़ते हैं। डॉक्टरों ने चकत्तों के फफोले की तुलना मंकीपॉक्स से और बुखार के लक्षणों की तुलना डेंगू, चिकनगुनिया और हाथ, पैर और मुंह की बीमारी से की है। शोधकर्ता अभी भी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि यह लक्षण किन वजहों से शरीर पर दिखाई पड़ते हैं। अब तक, स्वास्थ्य अधिकारियों ने 2022 के मई और जुलाई के बीच 82 मामले दर्ज किए हैं, जिसमें सभी मरीज पांच साल से कम उम्र के हैं। टोमेटो फ्लू का सबसे पहला मामला केरल के कोल्लम जिले में देखा गया था, जिसके बाद यह पूरे क्षेत्र में फैल गया। टोमेटो फ्लू को लेकर अभी तक कोई सबूत नहीं मिला है कि यह बीमारी गंभीर या जानलेवा है, और बच्चों का इलाज सामान्य उपचार-पैरासिटामोल, आराम और बहुत सारे तरल पदार्थों से किया जा रहा है।

### कारगिल में फंसा इटैलियन पर्वतारोही, बचाव के लिए आगे आई वायुसेना

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना ने कारगिल के दुर्गम इलाके में फंसे इतालवी पर्वतारोही को बचाने के लिए एक चीतल हेलीकॉप्टर को मौके पर भेजा है। फिलहाल कारगिल सेक्टर में बचाव अभियान जारी है। वायु सेना ने इतालवी पर्वतारोही को बचाने के लिए शुक्रवार को एक चीतल हेलीकॉप्टर भेजा। इतालवी पर्वतारोही कारगिल सेक्टर में एक पर्वत की दुर्गम चोटी पर फंस गया है। एक खबर के मुताबिक बचाव अभियान के लिए सभी जरूरी साजो-सामान तैनात किया गया है। इनदिनों इटैलियन पर्वतारोही को बचाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। दुर्गम इलाके के कारण बचाव के काम में कुछ समय लगने की उम्मीद है। इस बारे में ज्यादा जानकारी अभी नहीं मिल सकी है। एयरफोर्स का चीतल हेलीकॉप्टर पहले के चीता हेलीकॉप्टर का ही नया संस्करण है। इसमें ज्यादा ताकतवर इंजन लगाया गया है. इस परियोजना को 2002 के दौरान शुरू किया गया था। चीतल हेलीकॉप्टर को बनाने का उद्देश्य ज्यादा ऊंचाई वाली जगहों पर संचालन क्षमताओं को बढ़ाने के साथ-साथ सुरक्षित और भरोसेमंद उड़ानों को तय करना था।

### मुंबई से अहमदाबाद के बीच चल सकती हैं तीसरी वंदेभारत ट्रेन, 15 सितंबर तक पूरा हो सकता हैं ट्रायल

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे की तीसरी वंदेभारत ट्रेन का ट्रायल मोहाली और साहनेवाल के बीच शुरू हो गया है। 15 सितंबर तक ट्रेन के सभी तरह के ट्रायल पूरे होने की संभावना है। इस ट्रेन को अक्टूबर तक चलाने की तैयारी है। नई वंदेभारत को मुंबई से अहमदाबाद के बीच चलाया जा सकता है। रेलवे मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार ट्रायल पूरा होने के बाद सीआरएस क्लीयरेंस मिलेगा। इस प्रकिया के भी समय पर पूरा होने की संभावना है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार चूंकि सितंबर के अंत और अक्टूबर के पहले सप्ताह में देशभर में उत्सव की धूम रहेगी। नवरात्र, दुर्गापूजा और गरबा सभी उत्सव इस बीच होने हैं, इसकारण रेलवे की कोशिश है कि नई वंदेभारत को इस दौरान शुरू किया जाए। मुंबई से अहमदाबाद सेमी हाईस्?पीड ट्रेन वंदेभारत चलाई जा सकती है। दोनों शहरों के बीच रोजाना चलने वाले यात्रियों की संख?या खूब है। दोनों व?यावसायिक शहरों के बीच सुबह जाकर शाम को वापस लौटने वाले यात्रियों की सुविधा को ध?यान में रखते इस रूट पर चलाया जा सकता है।

### केंद्रीय मंत्री गडकरी ने सड़क सुरक्षा मिशन के लिए अमिताभ बच्चन का मांगा समर्थन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन के मुंबई स्थित आवास पर पहुंचे की और राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा मिशन के लिए उनका समर्थन मांगा। सड़क परिवहन मंत्रालय ने ई-शिक्षा, इंजीनियरिंग, प्रवर्तन और आपातकालीन देखभाल के आधार पर सड़क सुरक्षा को संबोधित करने के लिए एक बहु-आयामी रणनीति तैयार की है। पिछले कुछ वर्षों में दुर्घटनाओं की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है, सरकारी आंकड़ों में कहा गया है कि 2020 के दौरान देश भर में 3,66,138 सड़क दुर्घटनाओं में कुल 3,48,279 लोग घायल हुए, जिससे 1,31,714 लोगों की मौत हुई। सड़क सुरक्षा के बारे में प्रभावी जन जागरूकता पैदा करने के लिए मंत्रालय ने सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और प्रिंट मीडिया के माध्यम से सड़क सुरक्षा पर विभिन्न प्रचार उपाय और जागरूकता अभियान चलाए हैं।

## न-टू-वन

### कीस ने वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन में स्वियातेक को हराया

**मेसन।** अमेरिका की महिला टेनिस स्टार मेडिसन कीस ने वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। कीस ने क्वार्टर फाइनल में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक को 6-3 और 6-4 से हराया। विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर बनी हुई कीज ने इसी के साथ ही शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी के खिलाफ छह मैचों में पहली जीत दर्ज की है। अब कीस का सामना विम्बलडन चैम्पियन एलेना रिबाकिना से होगा जिसने एक अन्य मुकाबले में एलिसन रिस्के अमृतराज को 6-2 और 6-4 से हराया है। वहीं ब्रिटेन की एम्मा राडुकानू को अमेरिका की जेसिका पेगुला ने 7-5 और 6-4 से हराया। एक अन्य मुकाबले में पेत्रा क्वितोवा ने पांचवीं वरीयता प्राप्त ओंस जबाउर को 6-1, 4-6 और 6-0 से हराया था। वहीं पुरूष वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त रुस के दानिल मेदवेदेव ने डेनिस शापोवालोव को 7-5 और 7-5 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी है। अब उनका सामना टेलर फ्रिट्स से होगा जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव को 6-7, 6-2 और 7-5 से हराया था।

### कुंबले को अब कोच नहीं रखेगी पंजाब किंग्स , बेलिस बन सकते हैं नये कोच

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स टीम भी आईपीएल के अगले सत्र के लिए नये कोच की तलाश में है। पंजाब अब दिग्गज खिलाड़ी अनिल कुंबले को कोच के तौर पर बरकरार नहीं रखना चाहती है। इसी कारण उनका अनुबंध भी नहीं बनाया गया है। पंजाब किंग्स ने आज तक एक बार भी आईपीएल खिताब नहीं जीता है। टीम साल 2014 के संस्करण के बाद से ही अब तक आईपीएल के प्लेऑफ में भी नहीं पहुंच पायी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक टीम के साथ कुंबले का अनुबंध सितंबर तक का है। वहीं अब फ्रेंचाइजी इसे आगे नहीं बढ़ाना चाहती है। फ्रेंचाइजी ने अपने पूर्व खिलाड़ी ऑयन मॉर्गन के अलावा इंग्लैंड के पूर्व कोच ट्रेवर बेलिस से भी संपर्क किया है। वहीं मुख्य कोच के लिए भारतीय टीम के एक पूर्व कोच से भी संपर्क किये जाने की बात सामने आयी है। फ्रेंचाइजी एक सप्ताह के भीतर नई नियुक्ति करना चाहती है। मॉर्गन को कोचिंग का भी कोई अनुभव नहीं है। ऐसे में उन्हें कोच बनाने की उम्मीद बेहद कम है। बेलिस हालांकि कोच बनने के लिए योग्य उम्मीदवार नजर आते हैं। उनके कोच रहते ही इंग्लैंड ने विश्व कप जीता था। बेलिस कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के साथ कोच के तौर पर रहे हैं। बेलिस ने केकेआर के साथ दो बार आईपीएल ट्रॉफी भी जीती थी। कुंबले आईपीएल 2022 से पहले पंजाब किंग्स पहुंचे थे। फ्रेंचाइजी उनकी कोचिंग में किसी सत्र में भी लीग चरण से आगे नहीं बढ़ सकी। कुंबले की कोचिंग में टीम ने 42 मैच खेले हैं, जिनमें से सिर्फ 19 में ही जीत हासिल कर पाई थी। पीबीकेएस ने काफी हद तक आईपीएल में संघर्ष किया है और 2014 के बाद से कोई प्लेऑफ मैच नहीं खेला है. आईपीएल 7 में उन्होंने केकेआर के खिलाफ फाइनल खेला था।

### ईएसआईसी दिसंबर तक 744 जिलों में अपनी सेवाएं बढ़ाएगाः भूपेन्द्र यादव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) दिसंबर तक देश के सभी 744 जिलों में अपनी सेवाओं का विस्तार करेगा। सामाजिक सुरक्षा संहिता लागू होने के बाद लाभार्थियों की संख्या बढ़ने के साथ यह निर्णय किया गया है। संहिता में स्वतंत्र रूप से अस्थायी कार्य और ऑनलाइन मंचों पर काम करने (गिग और प्लेटफॉर्म कर्मचारी) वाले कर्मचारियों को कर्मचारी राज्य बीमा निगम की सामाजिक सुरक्षा योजना ईएसआई (स्वास्थ्य बीमा) के दायरे में लाने की व्यवस्था है। श्रम मंत्रालय के एक बयान के अनुसार यादव ने सूरजकुंड में आयोजित ईएसआईसी चिंतन शिविर में अपने समापन भाषण में ईएसआईसी सेवा व्यवस्था में विस्तार और सुधार से जुड़े नतीजों की जानकारी दी। उन्होंने कहा ?कि ईएसआईसी दिसंबर, 2022 तक देश के सभी 744 जिलों में अपनी सेवाओं के विस्तार के लिये काम करेगा। यह विस्तार सामाजिक सुरक्षा संहिता के कार्यान्वयन के बाद लाभार्थियों की बढ़ी हुई संख्या को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि ईएसआईसी 'चिंतन शिविर' के नतीजे नीति और क्रियान्वयन के बीच की खाई को पाटकर प्रधानमंत्री के 'स्वास्थ्य से समृद्धि' के दृष्टिकोण को पूरा करने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि ये आगे पासा पलटने वाला साबित होगा और ये सभी श्रम योगियों तथा उनके आश्रितों को व्यापक स्तर पर लाभ पहुंचाएगा। बयान के अनुसार देश में पेशे से जुड़ी बीमारियों से निपटने के लिये स्वदेशी अनुसंधान को बढ़ावा देने को लेकर व्यावसायिक स्वास्थ्य उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए जाने की भी सिफारिश की गई है। इसके अलावा ईएसआई स्वास्थ्य सुविधाएं, चिकित्सा कॉलेज के विकास की संभावना भी टटोलेगा।

### जीएमडीसी इस साल 15 लाख टन बढ़ाएगी लिग्नाइट उत्पादन

**नई दिल्ली।** गुजरात खनिज विकास निगम (जीएमडीसी) ने कहा कि वह इस साल लिग्नाइट उत्पादन में 15 लाख टन बढ़ा रहा है। यह सार्वजनिक उपक्रम (पीएसयू) सस्ता ईंधन चाहने वाले सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) का समर्थन करने के लिए अपने लिग्नाइट उत्पादन को बढ़ाने का लक्ष्य कर रहा है। जीएमडीसी के एक व?रिष्ठ अ?धिकारी ने कहा कि निजी इस्तेमाल के बिजली संयंत्रों के साथ कपड़ा, रसायन और सिरेमिक में कंपनी का ग्राहक आधार बढ़ रहा है। इसलिए कंपनी इस साल अपना लिग्नाइट उत्पादन बढ़ा रही है। उन्होंने कहा ?कि इससे हमें राज्य में लगातार बढ़ती मांग-आपूर्ति के अंतर को कम करने और ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। इस पीएसयू ने भावनगर में अपनी सुरखा (एन) खदान के लिए लिग्नाइट खनन ठेकेदारों से बोलियां आमंत्रित की हैं।

# दूसरे एकदिवसीय में भी जीत का सिलसिला बनाये रखने उतरेगी भारतीय टीम

**हरारे।** भारतीय क्रिकेट टीम शनिवार को यहां मेजबान जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाले दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में भी जीत का सिलसिला बनाये रखने उतरेगी। पहले एकदिवसीय में भारतीय टीम ने मेजबान टीम को दस विकेटों से हराकर आसान जीत दर्ज की थी। जिम्बाब्वे की टीम किसी भी क्षेत्र में भारतीय युवा टीम के सामने टिक नहीं पायी थी। भारतीय टीम इस मैच को जीतकर सीरीज कब्जे में करना चाहेगी। वहीं मेजबानों का लक्ष्य किसी भी प्रकार यह मैच बचाना रहेगा। पहले एकदिवसीय में सलामी बल्लेबाज शिखर धवन और शुभमन गिल ने अर्धशतक लगाकर दस ओवर पहले ही भारतीय टीम को जीत दिला दी थी। भारतीय टीम का लक्ष्य इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का रहेगा जिससे उसे बल्लेबाजी के लिए पर्याप्त समय मिल सके हालांकि उछालभरी पिच पर तेज हवाओं के बीच रन बनाना आसान नहीं रहेगा। भारतीय टीम के



ऑलराउंडर दीपक चाहर ने पहले मैच में शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट लिए थे। पहले मैच में धवन और शुभमन से पारी की शुरुआत जारी रखने वाले कप्तान लोकेश राहुल ने नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया पर अब एशिया कप से पहले राहुल चाहेंगे कि इस मैच में उन्हें बल्लेबाजी का अवसर मिले। उन्हें पहली ही गेंद से आक्रमण की भारत की रणनीति को अहम में लाना होगा। जिम्बाब्वे जैसी कमजोर टीम के खिलाफ राहुल के लिए यह अच्छा अवसर मौका है। वहीं इस मैच में युवा बल्लेबाज दीपक हुडा को बल्लेबाजी क्रम में ऊपर उतारा जा सकता है जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन चौथे नंबर पर उतर सकते हैं। भारतीय टीम के कोच की भूमिका निभा रहे वीवीएस लक्ष्मण इस मैच में प्रयोग के साथ ही जीत चाहेंगे। धवन के लगी चोट अगर ठीक नहीं होती है तो ईशान किशन और राहुल पारी की शुरुआत कर सकते हैं। गेंदबाजी की कमान दीपक चाहर , प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज के पास रहेगी। दूसरी ओर मेजबानों की बात करें तो पहले मैच में उसके बल्लेबाज और गेंदबाज नाकाम रहे थे। अब मेजबानों का लक्ष्य इस मैच में बेहतर बल्लेबाजी और गेंदबाजी करना रहेगा।

### दोनों टीमें इस प्रकार हैं

भारत ~ लोकेश राहुल (कप्तान), शिखर धवन, रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, दीपक हुडा, राहुल त्रिपाठी, ईशान किशन, संजू सैमसन, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, आवेश खान, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, दीपक चाहर और शाहबाज अहमद।

### न्यूजीलैंड ए ने भारत दौरे के लिए अपनी टीम घोषित की

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड क्रिकेट ने अगले माह सितंबर में होने वाले भारत दौरे के लिए अपनी ए टीम घोषित कर दी है। इस टीम में अंतरराष्ट्रीय अनुभव वाले सात खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है। ए टीम को सितंबर में लाल और सफेद गेंद के मैच के लिए भारत का दौरा करने के लिए चयनित किया गया है। वहीं पांच खिलाड़ियों में चाड बोवेस, मैट फिशर, बेन लिस्टर, रॉबी ओ%डोनेल और जो वॉकर शामिल हैं। इसके साथ ही वेलिंगटन फायरबर्ड्स के तेज गेंदबाज लोगान के वैन बीक को भी इस टीम में जगह दी गयी है। आईसीसी नियमों के साथ उन्हें दोनों पक्षों की ओर से एक साथ खेलने की अनुमति मिल गयी है। वहीं टॉम ब्रूस और रॉबी ओ%डॉनेल को दौरे के अलग-अलग प्रारुपों के लिए कप्तान बनाया गया है। न्यूजीलैंड ए ने आखिरी बार 2017 में भारत का दौरा किया था। अपने इस दौरे में न्यूजीलैंड ए टीम तीन चार दिवसीय मैच और तीन एक दिवसीय मैच बैंगलोर और चेन्नई में खेलेगी। कीवी चयनकर्ता गेविन लार्सन ने कहा कि इस दौरे से टीम को अनुभव मिलने के साथ ही विदेशी हालातों में खेलने का अच्छा अनुभव मिलेगा।

# रसेल और बटलर की आक्रामक बल्लेबाजी से जीती मैनचेस्टर ओरिजनल

**लंदन।** ऑलराउंडर आंद्रे रसेल की आक्रामक बल्लेबाजी से यहां जारी द हंड्रेड क्रिकेट टूर्नामेंट के 18वें मैच में रसेल ने मैनचेस्टर ओरिजनल को जीत दिला दी। रसेल ने केवल 23 गेंदों में ही 6 चौके और 5 छक्के लगाकर नाबाद 64 रन बटोरे। रसेल ने अपनी पारी के दौरान माइकल होगन की गेंदो पर पर लगातार दो छक्के और तीन चौके लगाकर 24 रन बनाये। रसेल और जोस बटलर की अर्धशतकीय पारियों से मैनचेस्टर ओरिजनल ने 3 विकेट के नुकसान पर 188 रनों का विशाल स्कोर बनाये। बटलर ने 42 गेंद में सबसे ज्यादा 68 रन बनाये। अपनी इस पारी में बटलर ने तीन चौके और पांच छक्के लगाए। बटलर के अलावा फिलिप साल्ट ने 22 गेंद में 38 रन बनाये।

इसके बाद जीत के लिए मिले 189 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए साउदर्न की टीम केवल 84 गेंद ही खेल पायी और 120 रन बनाकर आउट हो गयी। इस तरह मैनचेस्टर की टीम इस मुकाबले में विजयी रही। साउदर्न की ओर से इस मैच में सबसे अधिक 25 रन जॉर्ज गार्टन ने बनाये। इसके अलावा क्विंटन डिकॉक और रॉस व्हाइटली ने 21-21 रनों का योगदान दिया जबकि कप्तान जेम्स विंसे 20 रन ही बना पायें। वहीं गेंदबाजी में मैनचेस्टर के लिए पॉल वाल्टर ने सबसे अधिक तीन विकेट लिए। इसके अलावा मैथ्यू पार्किंसन और ट्रिस्टन स्टब्स को दो-दो विकेट मिले।

### केरल में जन्मे रिजवान बने यूएई क्रिकेट टीम के नये कप्तान

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने 27 अगस्त से होने वाले एशिया कप क्वालिफायर मुकाबलों के लिए अपनी टीम के कप्तान में बदलाव किया है। क्वालिफायर से एक दिन पहले ही यूएई ने अहमद रजा की जगह सीपी रिजवान को टीम का कप्तान बनाया है जबकि रिजवान ने अब तक केवल 7 टी20 मैच ही खेले हैं। एशिया कप के क्वालिफायर मुकाबले 20 से 24 अगस्त तक ओमान में खेले जाएंगे। यूएई क्रिकेट बोर्ड के इस कदम से सभी हैरान हैं क्योंकि टीम ने इससे पहले अहमद रजा की कप्तानी में टी20 में शानदार प्रदर्शन किया था। रजा की कप्तानी में यूएई ने 27 में से 18 टी20 मुकाबले जीते थे। रजा यूएई के सफल कप्तानों में गिने जाते हैं। उनकी कप्तानी में यूएई ने इसी साल फरवरी में क्वालिफायर-ए जीतकर अक्टूबर में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई किया था रजा के स्थान पर यूएई की टी20 टीम के नये कप्तान बने रिजवान का जन्म केरल में हुआ था। रिजवान ने अब तक 7 टी20 मैचों में 16.66 की औसत और 101 के स्ट्राइक रेट से 100 रन बनाए हैं। रिजवान यूएई के पिछले 10 टी20 में अंतिम ग्यारह में शामिल नहीं थे। उन्होंने यूएई के लिए पिछला टी20 मुकाबला अक्टूबर 2021 में खेला था। यूएई ने एशिया कप के क्वालिफायर के लिए जो टीम घोषित की है। उसमें दिल्ली में जन्मे चिराग सूरी भी शामिल हैं। चिराग ने यूएई के लिए 2018 में एकदिवसीय और टी20 डेब्यू किया था। इस खिलाड़ी ने अब तक 24 टी20 में 655 और 35 एकदिवसीय में 941 रन बनाये हैं।

# पाक ने नीदरलैंड को दूसरे एकदिवसीय मैच में भी हराया



### सीरीज में 2-0 की बढ़त मिली

**रॉटरडम।** पाकिस्तान ने मेजबान नीदरलैंड को दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में सात विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। पाक की इस जीत में मोहम्मद रिजवान 69 और आगा सलमान 50 रनों के अलावा हारिस रऊफ के तीन विकेटों की अहम भूमिका रही। इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नीदरलैंड ने 186 रन बनाये। इस प्रकार पाक को जीत के लिए 187 रनों का लक्ष्य मिला जो उसने तीन विकेट के नुकसान पर ही हासिल कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नीदरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। पाक गेंदबाज नसीम शाह ने विक्रमजीत सिंह और वेस्ले बैरेसी को शुरुआत में ही पेवेलियन भेज दिया। इसके बाद हैरिस ने मैक्स ओडाउड को एक रन पर ही आउट कर दिया। शुरुआत विकेट गिरने के बाद टॉम कूपर ने बास डी लीड के साथ साझेदारी कर 109 रन बनाये। कूपर ने 74 गेंदों पर सात चौकों और 2 छक्कों की सहायता से 66 रन बनाए, जबकि डी लीड ने 2 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 89 रन बनाए और स्कोर 186 तक पहुंचाया।

इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए पाक की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। टीम ने ने फखर जमान और इमाम उल हक के विकेट शुरुआत में ही खो दिये। इसके बाद कप्तान बाबर आजम ने रिजवान के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया और तीसरे विकेट के लिए 88 रन बनाये। बाबर ने 57 रन बनाए। इसके बाद रिजवान ने सलमान के साथ मिलकर पाक टीम लक्ष्य तक पहुंचाया।

# आरबीआई के हस्तक्षेप से विदेशी मुद्रा भंडार के गिरावट में आई कमी : रिपोर्ट

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हस्तक्षेप से मुद्रा बाजार में उतार-चढ़ाव के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार घटने की दर में कमी देखी गई है। आरबीआई अधिकारियों के अध्ययन में यह कहा गया है। अध्ययन में 2007 से



लेकर रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण मौजूदा समय में उत्पन्न उतार-चढ़ाव को शामिल किया गया है। केंद्रीय बैंक की विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप की एक घोषित नीति है। केंद्रीय बैंक यदि बाजार में अस्थिरता देखता है, तो हस्तक्षेप करता है। हालांकि, रिजर्व बैंक मुद्रा को लेकर कभी भी लक्षित स्तर नहीं देता है। एक अध्ययन में कहा गया है कि 2008-09 के वैश्विक वित्तीय संकट के दौरान भंडार 22 प्रतिशत कम हुआ था। यूक्रेन-रूस युद्ध के बाद उत्पन्न उतार-चढ़ाव के दौरान इसमें केवल छह प्रतिशत की कमी आई है। इसमें व्यक्त विचार लेखकों के हैं और यह कोई जरूरी नहीं है कि यह केंद्रीय बैंक की सोच से मेल खाए। रिजर्व बैंक विदेशी मुद्रा भंडार को लेकर अपने हस्तक्षेप उद्देश्य को प्राप्त करने में सफल रहा है। यह विदेशी मुद्रा भंडार में घटने की कम दर से पता चलता है। अध्ययन के अनुसार निरपेक्ष रूप से 2008-09 के वैश्विक वित्तीय संकट के कारण मुद्रा भंडार में 70 अरब अमेरिकी डॉलर की गिरावट आई। जबकि कोविड-19 अवधि के दौरान इसमें 17 अरब डॉलर की ही कमी हुई।

# देश के पहले फाइव स्टार होटल के निजीकरण की कवायद में जुटी केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र की मोदी सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के घाटे के उपक्रमों की हालत सुधारने के निजीकरण की कवायद कर रही है। अब देश के पहले सरकारी 5 सितारा होटल, अशोक होटल को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी कर ली है। इस संबंध में तैयार किए गए प्रपोजल के अनुसार, सरकार अब अशोक होटल को 60 वर्षों के लिए ऑपरेट-मेनटेन-डेवलप (ओएमडी) मॉडल के तहत पट्टे पर देगी। साथ ही इस होटल की अतिरिक?त 6.3 एकड़ जमीन को व?यावसायिक उद्देश?यों के लिए बेचा जाएगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में यूनेस?को सम?मलेन के लिए 1960 के दशक में इस होटल का निर्माण कराया गया था। तब इसे बनाने पर तीन करोड़ रुपये खर्च हुए थे। 11 एकड़ में फैला अशोक होटल देश का पहला फाइव स्टार सरकारी होटल था। इसमें 550 कमरे, करीब दो लाख वर्ग फुट रिटेल एंड ऑफिस स्पेस, 30,000 वर्ग फुट बैंक्वेंट और कॉन्फ्रेंस फैसिलिटीज तथा 25,000 वर्ग फुट में फैले आठ रेस्तरां शामिल हैं। अशोक होटल का मालिकाना हक आईटीडीसी के पास है। सरकार




के प्रपोजल के अनुसार, प्राइवेट पार्टनर इस होटल का विकास नए सिरे से करा सकता है। दावा किया जा रहा है कि इसे दुनिया के जाने-माने हेरिटेज होटलों की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। नए सिरे से इसका विकास पर 450 करोड़ रुपये का खर्च आने का अनुमान है। यही नहीं, होटल के पास ही जो 6.3 एकड़ अतिरिक्त जमीन है उस पर 600 से 700 प्रीमियम सर्विस अपार्टमेंट बनाए जाएंगे। इनसे डिजाइन-बिल्ड-फाइनेंस-ऑपरेट एंड ट्रांसफर मॉडल के जरिए कमाई होगी। साल 1955 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू यूनेस्को के एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए फ्रांस की राजधानी पेरिस गए थे। नेहरू ने यूनेस्को को अगली कॉन्फ्रेंस भारत में करने के लिए न्योता दे दिया, लेकिन तब नई दिल्ली में कोई विश्व स्तरीय होटल नहीं था। इसलिए इसे बनाने का निर्णय लिया गया। इसका नाम तब 'द अशोका' रखा गया। मुंबई के आर्किटेक्ट बीई डॉक्टर को इसके डिजाइन और निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी गई।

# नोएडा और लखनऊ में सस्ता हुआ पेट्रोल और डीजल

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आ रहे उतार-चढ़ाव के बावजूद सरकारी तेल कंपनियां बड़े शहरों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं कर रहीं। हालांकि, नोएडा-लखनऊ जैसे शहर में शुक्रवार को तेल की कीमतों में नरमी आई है। सरकारी तेल कंपनियों की ओर से नोएडा में पेट्रोल 24 पैसे गिरकर 96.76 रुपए प्रति लीटर और डीजल 21 पैसे लुढ़ककर 89.93 रुपए प्रति लीटर पहुंच गया है। लखनऊ में भी पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 5 पैसे प्रति लीटर की गिरावट आई है। हालांकि, कंपनियों ने दिल्ली-मुंबई सहित देश के चारों महानगरों में पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी स्थिर रखे हैं। इन शहरों में पेट्रोल-डीजल के दाम इस प्रकार हैं- दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल



89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.76 रुपए और डीजल 89.93 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.24 रुपए और डीजल 94.04 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

# सीसीआई अध्यक्ष बोले- सरकार के अधिकार बढ़ाने के फैसले से इंडस्ट्री को चिंता की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सीसीआई के अधिकार को बढ़ाने का निर्णय किया है। इससे संबंधित कंपीटिशन संशोधन बिल-2022 को संसद में पेश किया गया। सीसीआई के अधिकार बढ़ने से कंपनियों के बीच थोड़ा चिंता का माहौल है। सीसीआई के चेयरमैन अशोक कुमार गुप्ता एक बातचीत में कंपीटिशन एक्ट में संशोधन और उससे पड़ने वाले प्रभाव के बारे में विस्तार से समझाया। अशोक कुमार गुप्ता ने सबसे पहले सीसीआई को मिली सर्च एंड सीजर पावर के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि डायरेक्टर जनरल (डीजी) के पास पहले से सर्च एंड सीजर एक्टिविटिज का आदेश देने का अधिकार है। कंपटिशन अमैंडमेंड बिल, 2022 से सिर्फ इतना बदलाव आया है कि अब सर्च एंड सीजर एक्टिविटीज के लिए कंपनीज एक्ट के रेफरेंस की जरूरत नहीं पड़ेगी। आगे उन्होंने कहा कि इसलिए इंडस्ट्री को किसी तरह की चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने अमेंडमेंट बिल के दूसरे अहम प्रस्तावों के बारे में बताया कि मर्जर एंड एक्यूजन (एमएंडए) के अप्रूवल की टाइम लिमिट को 210 से घटाकर 150 दिन कर दिया गया है। संशोधन बिल में यह भी कहा गया है कि सीसीआई को नोटिस मिलने के 20 दिन के अंदर एमएंडए के बारे में शुरुआती राय बना लेनी होगी। आगे उन्होंने कहा कि चूंकि विलय एवं अधिग्रहण (एमएंडए) सिनर्जी और ऑपरेशन के विस्तार के लिए काफी अहम है, इसलिए इसका जल्द एप्रूवल जरूरी है। सीसीआई पहले से बिजनेस के इन ऑर्गेनिक ग्रोथ के लिए जल्द एप्रूवल की कोशिश करती रही है। हालांकि, दुनियाभर में यह देखा गया है कि कुछ मर्जर की वजह से मार्केट में बदलाव आने की संभावना होती है। इससे कंपनियों के लिए उपलब्ध एक समान अवसर पर भी प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने आगे बताया कि यदि किसी लिस्टेड कंपनी के शेयरों के अधिग्रहण से जुड़ी खबर सार्वजनिक हो जाती है तो इससे कीमतों को लेकर अटकलबाजी शुरू हो सकती है। इस वजह से भी अधिग्रहण का मकसद नाकाम हो सकता है।

# मैं अपने कर्व्स को लेकर काफी कॉन्फिडेंट हूं: आकांक्षा पुरी



सीरियल विघ्नहर्ता गणेशा में पार्वती का किरदार निभाने वाली टीवी की मशहूर अभिनेत्री आकांक्षा पुरी का म्यूजिक वीडियो 'डेंजरस' इंटरनेट वर खूब धूम मचा रहा है. आकांक्षा ने ये खुलासा किया है कि अपनी बॉडी और उनके कर्व्स को लेकर एक्ट्रेस काफी ज्यादा कॉन्फिडेंट हैं. और पूरे आत्मविश्वास के साथ वो इन्हे फ्लॉन्ट भी करती हैं. उनके गाने के तरह वो भी मानती हैं कि उनकी बॉडी काफी डेंजरस है. जब आकांक्षा को प्यार के बारे में पूछा गया कि प्यार से ज्यादा खतरनाक होता है प्यार का खत्म होना. लेकिन फिर भी ने कहा कि आकांक्षा को प्यार पर पूरा यकीन है. वो खुद को 100 त्न लवर कहती हैं. उनके लिए अपने हमदम की मुस्कान काफी ज्यादा मायने रखती है. और इसको लेकर वो काफी ज्यादा इमोशनल भी है. आपको बता दें, बिग बॉस के सीजन 13 में आकांक्षा के एक्स बॉयफ्रेंड पारस छाबड़ा ने बिग बॉस 13 में प्रवेश किया था और इस शो के अंदर दोनों का ब्रेकअप हुआ था. काफी दिनों से आकांक्षा की विघ्नहर्ता गणेशा में वापसी को लेकर भी काफी चर्चा हो रही थी. लेकिन उन्होंने इस बात से साफ इनकार कर दिया आकांक्षा का कहना है अगर मुझे वापस लौटना होता तो मैं ये शो छोड़कर बिलकुल भी नहीं जाती. मैं काफी सोचकर अपने लाइफ में ऐसे डिसीजन लेती हूं. उनका मानना है पार्वती का किरदार लगभग खत्म हो चूका था और आगे की कहानी में पार्वती का नजरिया दिखाई देने वाला था. मैं नहीं चाहती मै जो किरदार निभा रही हूं उसकी क्रिएटिविटी खत्म हो जाए. अपने आगे के प्रोजेक्ट्स में बोल्ड और लव मेकिंग किरदार करने को लेकर आकांक्षा पुरी ने कहा है कि ऐसे किरदार करना उनके लिए प्रशंसा की बात होगी. आकांक्षा पुरी ने कहा, 'हां मुझे लव मेकिंग सीन करने वाले किरदार के ऑफर्स आ रहे हैं, लेकिन मेरे लिए यह फनी है. मैंने कोई भी ऐसा लव मेकिंग सीन नहीं किया है।

## जब धर्मेश येलांडे द्वारा रिजेक्ट हो गई थीं सान्या मल्होत्रा



बॉलीवुड अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा, जिन्होंने हाल ही में डांस दीवाने शो में गेस्ट की भूमिका निभाई थी, उन्होंने उस समय को याद किया जब वह कोरियोग्राफर धर्मेश येलांडे द्वारा रिजेक्ट कर दी गई थीं। धर्मेश, जो डांस रियलिटी शो में जज हैं, उन्होंने अपने करियर की शुरूआत में एक ऑडिशन में सान्या का चयन नहीं किया था। उस दिन को याद करती हुई सान्या ने कहा, आज मेरे लिए जीवन एक पूर्ण चक्र बन गया है। छह साल पहले, मैं एक डांस-रियलिटी शो के ऑडिशन के लिए इस स्टूडियो में आई थी और मैं ऑडिशन पास नहीं कर सकी थी। उन्होंने आगे कहा, मुझे याद है, रात के 1 बज रहे थे जब मैं फ्री हुई थी। मैं आपकी वजह से ऑडिशन पास नहीं कर पाई थी। लेकिन अब मैं यहां अपनी फिल्म के प्रचार के लिए आई हूं। धर्मेश ने सान्या को उन सभी परिश्रमों के लिए बधाई दी और सपनों को हासिल करने के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने यह भी कहा, वह किसी भी व्यक्ति के लिए एक महान उदाहरण हैं, जो अस्वीकृति का सामना करते हैं और आगे बढ़ते हैं। इस बीच, सान्या की फिल्म पगलैट नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गई है।

## सेट पर सबसे सुरक्षित महसूस करते हैं तबरेज खान

महाराष्ट्र में कोविड-19 मामलों में वृद्धि लगातार जारी है। इस बीच अभिनेता तबरेज खान का कहना है कि वह सेट पर सबसे सुरक्षित महसूस करते हैं। तबरेज छोटी सरदारनी धारावाहिक का हिस्सा हैं। तबरेज का कहना है कि कोविड प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए उनके सेट पर बहुत सारी सावधानियां बरती जाती हैं। उन्होंने कहा, मुझे स्थिति को देखते हुए बिल्कुल भी डर नहीं है, क्योंकि मेरे सेट पर सभी आवश्यक एहतियात के साथ अत्यंत सावधानी बरती जाती हैं। सरकार द्वारा बताए गए सभी दिशा-निर्देशों और सुरक्षा उपायों का सटीक रूप से पालन किया जाता है। प्रत्येक सदस्य की सेट में प्रवेश करने से पहले जांच की जाती है और वॉक-थ्रू मशीन के साथ पूरी तरह सैनेटाइज किया जाता है। मास्क हर समय अनिवार्य है। जब मैं सेट पर होता हूं तो सबसे सुरक्षित महसूस करता हूं। अभिनेता इससे पहले अन्य कई शो में किरदार निभा चुके हैं, जिनमें प्यार की ये एक कहानी, बाबा ऐसो वर ढूंडो और किस देश में है।

# अगले साल बॉलीवुड की फिल्म में नजर आएंगी प्रियंका चोपड़ा, खुद किया खुलासा



प्रियंका चोपड़ा बॉलीवुड की ऐसी अभिनेत्री हैं जो आज एक ग्लोबल आइकन बन चुकी है। प्रियंका चोपड़ा ने बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड की दुनिया में अपनी पहचान बनाई है। आज वो एक इंटरनेशनल स्टार बन चुकी हैं। हालांकि पिछले काफी समय से अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की कोई बॉलीवुड फिल्म नहीं रिलीज की गई है। जबकि प्रियंका चोपड़ा के चाहने वाले उनकी अगली बॉलीवुड की फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि प्रियंका चोपड़ा की पिछली रिलीज फिल्म द स्काई इज पिंक थी। जिसमे प्रियंका चोपड़ा के अलावा फरहान अख्तर और जायरा वसीम भी साथ में नजर आए थै। ये फिल्म साल 2019 में रिलीज की गई थी। हालांकि फिल्म द स्काई इज पिंक कुछ खास कमाई नहीं कर पाई थी। इसके बाद से प्रियंका चोपड़ा ने किसी भी बॉलीवुड की फिल्म में काम नहीं किया है। लेकिन अब प्रियंका ने बताया कि वो जल्द ही बॉलीवुड की एक फिल्म में नजर आने वाली है। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में अपने फैंस के साथ ट्विटर पर सवाल जवाब सेशन रखा था। इस दौरान प्रियंका चोपड़ा ने ट्वीट करके अपने फैंस को इस सेशन में इनवाइट किया। उन्होंने लिखा कि, सेट पर ब्रेक ले रही हूं कौन जल्दी से सवाल पूछने आ रहा है। इसके बाद प्रियंका चोपड़ा के फैंस ने उनसे कई तरह के सवाल पूछे। इस सेशन के दौरान प्रियंका से उनकी अगली बॉलीवुड मूवी कब आएगी ये सवाल भी कर लिया। एक यूजर ने पूछा कि उनकी अगली बॉलीवुड फिल्म कब आएगी। इस पर अभिनेत्री ने जवाब देते हुए लिखा कि, अगले साल। प्रियंका के इस जवाब से साफ जाहिर हो रहा है कि अभिनेत्री बॉलीवुड की अगली फिल्म अगले साल रिलीज होगी। इसके अलावा बात करें अगर उनके काम की तो वो आने वाले दिनों में कई फिल्मों में नजर आने वाली हैं।

# गुड बाय के साथ बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे हैं शिविन नारंग



वीरा से हिंदी टेलीविज़न में अपना डेब्यू करने वाले एक्टर शिविन नारंग ने इंटरनेट वाला लव, बेहद जैसे कई टीवी सीरियल्स में अपने शानदार अभिनव के साथ लोगों का दिल जीत लिया है. टीवी के ये हार्टथ्रोब जल्द ही अमिताभ बच्चन और रश्मिका मंदाना की फिल्म गुड बाय से अपना बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे है. विकास बहल इस फिल्म को डायरेक्ट करने वाले है. शिविन ने सोशल मीडिया पर इस बारें में अपने फैंस को जानकारी देते हुए गुड बाय कहा है और कैप्शन में लिखा है- 'डे 1' लॉकडाउन से पहले शिविन को टीवी के एडवेंचर्स रिएलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' में देखा गया था. शिविन ने दिए हुए इस गुड न्यूज़ के बाद फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं है. शिविन के फैंस उनकी इस फिल्म का बेताबी से इंतजार कर रहे हैं. आपको बता दे इस फिल्म की शूटिंग शुरू ही चुकी है. फिल्म की ज्यादातर शूटिंग चंडीगढ़ में होगी. रश्मि और शिविन ने शूटिंग शुरू कर दी है जल्द ही अमिताभ बच्चन भी उनके साथ शूटिंग शुरू करेंगे. अमिताभ बच्चन के साथ रश्मिका मंदाना की ये पहली फिल्म है. इस फिल्म का निर्देशन विकास बहल करेंगे और फिल्म को प्रोड्यूस एकता कपूर कर रही हैं. ये निर्देशक -प्रोड्यूसर की जोड़ी इससे पहले 'लुटेरा' और 'उड़ता पंजाब' जैसी बेहतरीन फिल्मों को बना चुकी है. जिसके बाद अब इस फिल्म को लेकर सभी बेहद उत्साहित हैं।

## 'रहना है तेरे दिल में' के सीक्वल में नज़र आ सकते विक्की कौशल और कृति सेनन




बॉलीवुड के गलियारों में काफी जबरदस्त फिल्मो पर काम चल रहा है। वही बॉलीवुड के गलियारों में कई फिल्मो के रीमेक और सीक्वल को लेकर चर्चा आती ही रहती है। आने वाले कुछ वक्त बॉलीवुड की कई फिल्मो के सीक्वल देखने को मिलने वाला है। उसमें एक है 'रहना है तेरे दिल में'। ये एक सुपरहिट फिल्म थी। इस फिल्म के सीक्वल को लेकर काफी चर्चा सामने आ रही थी। वही एक बार फिर इस फिल्म के सीक्वल को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आ रहा है। खबरों की माने तो इस फिल्म का सीच् ल जल्द बनने जा रहा है। वही इस बार फिल्म में आर माधवन और दीया मिर्जा नहीं बल्कि एक नयी जोड़ी नज़र आने वाली है। खबरों की माने तो इस फिल्म बॉलीवुड स्टार विक्की कौशल और कृति सेनन को कास्ट किया जा सकता है। वही बताया जा रहा है इस फिल्म के लिए इन दोनों कलाकारों के बिच बात चित चल रहे है । वही कृति इस फिल्म को लेकर काफी दिलचस्पी दिखा रही है। वही इस फिल्म को लेकर प्लानिंग काफी तेज़ हो गयी है। मेकर्स इस फिल्म एक बिलकुल नयी जोड़ी को लेकर लाना चाहते है। वही इस फिल्म को 2022 के अंत तक फ्लोर पर लाया जाएगा। अब देखना होगा इस फिल्म को लेकर आगे क्या कुछ अपडेट सामने आता है।

# रकुल प्रीत सिंह ने बॉडीसूट में दिए सिजलिंग पोज, तस्वीरें वायरल



बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर कुछ लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में रकुल बॉडीसूट में सिजलिंग पोज देती दिखाई दे रही हैं। वहीं इस तस्वीर में उनके बूट्स ने खास तौर पर फैंस का ध्यान खींचा है। इन तस्वीर में वो ब्लू बॉडी सूट में दिखाई दे रही हैं। इसके साथ उन्होंने व्हाइट जैकेट पहन रखी है और इसके साथ रकुल रेड बूट्स पहने नजर आ रही हैं। इस फोटोशूट में उनके बोल्ड अंदाज के साथ-साथ रेड बूट्स ने फैंस का ध्यान खींचा है। इस फोटोशूट में रकुल के बूट्स अलग से हाईलाइट होते दिखाई दे रहे हैं। इस फोटोशूट की रकुल ने एक और तस्वीर साझा की है। जिसमें वो व्हाइट कोटसूट में नजर आ रही हैं। उन्होंने गले में हार्टशेप पेंडेंट पहन रखा है और वो इस लुक रकुल ने हूप्स के साथ कंप्लीट किया है। वहीं अपने फोटोशूट की तस्वीरें शेयर करते हुए रकुल ने लिखा- अपनी हील्स, हेड और स्टैंडर्ड को हाई रखो। उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर ताबड़तोड़ वायरल हो रही हैं।

# सिर्फ ताली बजाने से ठीक हो जाती हैं 6 बीमारियां !



खुशी के हर मौके पर ताली बजाना ओम बात है। फिर चाहे किसी का उत्साह बढ़ाने की बात हो, धार्मिक स्तुति में, किसी के अभिवादन के लिए या फिर किसी को प्रोत्साहन देने जैसे कामों के लिए सबसे आसान और प्रभावी तरीका अगर कोई है, तो वो है ताली बजाना। दोस्तों आपको जानकर हैरानी होगी कि ताली बजाने से सिर्फ खुशी जाहिर नहीं होती, बल्कि ताली बजाने के कई स्वास्थ्य लाभ भी हैं....

### 1. कॉलेस्ट्रोल का स्तर कम होता है

दोस्तों आज के समय में कोलेस्ट्रॉल की समस्या से ज्यादातर लोग परेशान होते हैं। इसलिए ये जानकारी सबके लिए आवश्यक है, कि ताली बजाने से रक्त में मौजूद कोलेस्ट्रॉल का लेवल कम होता है। साथ हीं रक्त संचार भी काफी बेहतर होता है।

### 2. ब्लड प्रेशर नियंत्रित

दोस्तों ताली बजाने से ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में काफी सहायता मिलती है। इसलिए जितना हो ताली बजाते रहें।

### 3. मधुमेह, अस्थमा इत्यादि में लाभदायक

कम से कम 15 सौ बार ताली बजाने से मधुमेह, अस्थमा, ह्रदय रोग और गठिया इत्यादि बीमारियों में काफी राहत मिलता है।

### 4. एक्यूप्रेशर का लाभ

हमारे शरीर में कुल 340 प्रेशर बिंदु हैं. जिनमें 29 बिंदु हमारे हथेली में होते हैं। एक्यूप्रेशर थेरेपी के मुताबिक सिर्फ ताली बजाने मात्र से शरीर के सभी अंगो को स्वस्थ रख सकते हैं।

### 5. ऑक्सीजन का फ्लो सही रहता है

ताली बजाने से ऑक्सीजन का फ्लो शरीर में सही तरीके से काम करता है. जिससे फेफड़ों में ऑक्सीजन ठीक तरीके से पहुंच पाता है, और शरीर स्वस्थ रहता है।

## अंडे का इस तरह से करें सेवन शरीर को मिलेंगे दुगना फायदा

हम आपको बता दें अंडे आपकी सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं और हर कोई इन्हें खाना भी पसंद करता है। लेकिन अपनी सेहत के अनुसार लोगों को अंडे का सेवन करना चाहिए, क्योंकि अंडे में अधिक मात्रा में फैट और कोलेस्ट्रॉल होता है और इसका बैलेंस बनाए रखना आवश्यक है। अंडे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक तो होते हैं, लेकिन इसका गलत सेवन आपके लिए खतरनाक भी हो सकता है। जानकारी के अनुसार अंडों को पोच्ड करके खाना सबसे हेल्दी तरीका होता है। यह पकाने, फ्राई करने आदि से ज्यादा फायदेमंद होता है और इसके लिए आपको इसे ज्यादा गर्म नहीं करना पड़ता है और इसके सेवन से डायबिटीज और दिल की बीमारियों में फायदा मिलता है। अंडो को पोच्ड करने के लिए सीधे फोड़कर गर्म पानी में उबाला जाता है, लेकिन यह सिंपल बोइल्ड अंडों से अलग होता है। इसी के साथ अंडो को पोच्ड करने पर इसके अंदर का यॉक वैसे ही रहता है और बाकी अंडा पक जाता है। यह स्वाद में अच्छा लगने के साथ साथ स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा होता है।



## चीन की चाल

चीनी स्पाई शिप युआन वांग-5 मंगलवार सुबह श्रीलंका के हंबनटोटा पोर्ट पर पहुंच गया। यह स्पाई शिप 16 से 22 अगस्त तक यहां रहेगा। यह करीब 750 किमी दूर तक आसानी से निगरानी कर सकता है। युआन वांग 5 सैटेलाइट और इंटरकॉन्टिनेंटल मिसाइलों को ट्रैक करने में सक्षम है। पहले इस चीनी शिप के 11 अगस्त को हंबनटोटा पहुंचने की उम्मीद थी। जासूसी के खतरे को देखते हुए भारत ने इसे लेकर श्रीलंका के सामने विरोध दर्ज कराया था। दरअसल, हंबनटोटा पोर्ट से तमिलनाडु के कन्याकुमारी की दूरी करीब 451 किलोमीटर है। इसके बावजूद श्रीलंका ने इसे हंबनटोटा पोर्ट पर आने की अनुमति दी। अब भारत इसको लेकर अलर्ट पर है। इंडियन नेवी की शिप के मूवमेंट पर कड़ी नजर है। आखिरकार चीन अपना जासूसी पोत श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पर ठहराने में कामयाब हो गया। इसकी जानकारी शनिवार को खुद श्रीलंका सरकार ने दी। यह पोत बैलेस्टिक मिसाइल और उपग्रह का पता लगाने में सक्षम है। इसके जरिए भारत के रक्षा ठिकानों और विभिन्न सुरक्षा गतिविधियों के बारे में जानकारी हासिल की जा सकती है। इसलिए भारत ने हिंद महासागर से इसके गुजरने और श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पर ठहरने को लेकर सख्त एतराज जताया था। पहले तो श्रीलंका ने इस पोत के अपने सीमा क्षेत्र में प्रवेश को मंजूरी देने से इनकार किया, मगर फिर वह चीन के दबाव में आ गया और उसने उसे अपने यहां रुकने की इजाजत दे दी। पहले युआन वांग 5 नामक इस पोत को हंबनटोटा बंदरगाह पर 11 अगस्त को पहुंच कर 17 अगस्त तक रसद और ईंधन आदि के लिए रुकना था, पर अब यह 16 से 22 अगस्त तक वहां ठहरेगा। इससे स्वाभाविक ही भारत की चिंता बढ़ गई है। श्रीलंका का यह बंदरगाह भारतीय सीमा से लगभग सटा हुआ है। चीन के इस जासूसी पोत की सूचनाएं एकत्र करने की क्षमता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि इसके जरिए पांच हजार किलोमीटर से भी अधिक दूरी तक की आवाजों को भलीभांति सुना जा सकता है। चीन की भारत के प्रति सामरिक मंशा छिपी नहीं है। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर दोनों देशों के बीच लगातार तनाव बना रहता है। उसने भारतीय सीमा में घुस कर जमीन भी हथिया रखी है। ऐसे में वह श्रीलंका में अपनी उपस्थिति बनाए रख कर भारत की सुरक्षा को बहुत आसानी से चुनौती दे सकता है। हंबनटोटा बंदरगाह से भारत के कई रक्षा ठिकानों पर बहुत आसानी से नजर रखी जा सकती है। इस बात से श्रीलंका अनजान नहीं है, मगर वह पांच साल पहले ही इस बंदरगाह को चीन के पास निन्यानबे साल के लिए गिरवी रख और वहां चीन को अपनी रक्षात्मक गतिविधियां संचालित करने के करार पर हस्ताक्षर कर अपने अधिकार गंवा चुका है। आठ साल पहले भी चीन ने इसी तरह श्रीलंका में अपनी एक पनडुब्बी भेजी थी, जिसे लेकर भारत ने कड़ा एतराज जताया था और दोनों देशों के रिश्तों में खटास आ गई थी। अभी श्रीलंका की आर्थिक स्थिति खस्ताहाल है और उसे लगता है कि इस समय चीन ही उसका तारनहार साबित हो सकता है। हालांकि जब श्रीलंका में जन-विद्रोह हुआ और वहां खाने-पीने की चीजों का भी संकट पैदा हो गया, उस समय चीन चुप्पी साधे हुए था, तब भारत ने ही रसद आदि भेज कर उसकी मदद की। भारत सदा से श्रीलंका का करीबी दोस्त रहा है, मगर चीन ने उसे कर्ज देकर इस रिश्ते में दरार पैदा कर दी है। चीनी बंदरगाह पर अपना जासूसी जहाज भेज कर चीन ने भारत पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाना शुरू कर दिया है। हालांकि भारत सरकार ने कहा है कि वह चीन की इन गतिविधियों को लेकर सतर्क है, पर चीन जिस तरह अपनी विस्तारवादी नीतियों के चलते चालें चलता रहता है।

# सामप्रदायिक सद्भाव के प्रतीक वीर गोगाजी

(गोगानवमी पर विशेष)

रमेश सर्राफ धमोरा



राष्ट्रीय एकता व सांप्रदायिक सदभावना के प्रतीक वीर गोगाजी राजस्थान के लोक देवता हैं। वीर गोगाजी को जाहरवीर गोगा जी के नाम से भी जाना जाता है। इन्हे हिन्दु और मुस्लिम दोनो पूरी श्रद्धा के साथ पूजते है। राजस्थान में हनुमानगढ़ जिले के गोगामेड़ी गांव में गोगाजी की समाधि स्थल पर प्रतिवर्ष भाद्रप्रद मास के शुक्ल पक्ष में मेला भरता है। जो लाखों भक्तों के आकर्षण का केंद्र है। यह मेला एक माह तक चलता है। गोगामेड़ी स्थित गोगाजी का समाधि स्थल साम्प्रदायिक सद्भाव का अनूठा प्रतीक है। जहां एक हिन्दू व एक मुस्लिम पुजारी खड़े रहते हैं। श्रावण शुक्ल पूर्णिमा से लेकर भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा तक गोगामेड़ी के मेले में देश के कोने-कोने से श्रद्धालु आकर वीर गोगाजी की समाधि तथा गोगापीर व जाहरवीर के जयकारों के साथ गोगाजी तथा गुरु गोरक्षनाथ के प्रति भक्ति की अविरल धारा बहाते है। भक्तजन गुरु गोरक्षनाथ के टीले पर जाकर शीश नवाते हैं। फिर गोगाजी की समाधि पर आकर धोक देते हैं। प्रतिवर्ष लाखों लोग गोगा जी के मंदिर में मत्था टेक तथा छडियों की विशेष पूजा करते हैं। लोकमान्यता व लोककथाओं के अनुसार गोगाजी को सांपों के देवता के रूप में भी पूजा जाता है। आज भी सर्पदंश से मुक्ति के लिए गोगाजी की पूजा की जाती है। गोगाजी के प्रतीक के रूप में पत्थर या लकडी पर सर्प मूर्ती उत्कीर्ण की जाती है। लोक धारणा है कि सर्प दंश से प्रभावित व्यक्ति को यदि गोगाजी की मेडी तक लाया जाये तो वह व्यक्ति सर्प विष से मुक्त हो जाता है। लोग उन्हें गोगाजी चैहान, गुग्गा, जाहर वीर व जाहर पीर के नामों से पुकारते हैं। यह गुरु गोरक्षनाथ के प्रमुख शिष्यों में से एक थे। राजस्थान के छह सिद्धों में गोगाजी को समय की दृष्टि से प्रथम माना गया है।

राजस्थान की लोक संस्कृति में वीर गोगाजी के प्रति अपार आदर भाव देखते हुए कहा गया है कि गांव-गांव में खेजड़ी, गांव-गांव में गोगावीर। वीर गोगाजी का आदर्श व्यक्तित्व भक्तजनों के लिए सदैव आकर्षण का केन्द्र रहा है। गोरखटीला स्थित गुरु गोरक्षनाथ के धूने पर शीश नवाकर भक्तजन मनौतियां मांगते हैं। विद्वानों व इतिहासकारों ने उनके जीवन को शौर्य, धर्म, पराक्रम व उच्च जीवन आदर्शों का प्रतीक माना है। लोक देवता जाहरवीर गोगाजी की जन्मस्थली ददरेवा में भादवा मास के दौरान लगने वाले मेले के दृष्टिगत पंचमी को श्रद्धालुओं की संख्या में और बढ़ोतरी हुई। मेले में राजस्थान के अलावा पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश व गुजरात सहित विभिन्न प्रांतों से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

गोगामेडी में गोगाजी का मंदिर एक ऊंचे टीले पर मस्जिदनुमा बना हुआ है। इसकी मीनारें मुस्लिम स्थापत्य कला का बोध कराती हैं। मुख्य द्वार पर बिस्मिला अंकित है। मंदिर के मध्य में गोगाजी का मजार (कब्र) है। साम्प्रदायिक सदभावना के प्रतीक गोगाजी के मंदिर का निर्माण बादशाह फिरोजशाह तुगलक ने कराया था। संवत 362 में फिरोजशाह तुगलक हिसार होते हुए सिंध प्रदेश को विजयी करने जाते समय गोगामेडी में ठहरे थे। रात के समय बादशाह तुगलक व उसकी सेना ने एक चमत्कारी दृश्य देखा कि मशालें लिए घोड़ों पर सेना आ रही है। तुगलक की सेना में हा-हाकार मच गया। तुगलक कि सेना के साथ आए धार्मिक विद्वानों ने बताया कि यहां कोई महान हस्ती आई हुई है। वो प्रकट होना चाहती है। फिरोज तुगलक ने लड़ाई के बाद आते गोगामेडी में मस्जिदनुमा मंदिर का निर्माण करवाया और पक्की मजार बन गई। तत्पश्चात मंदिर का जीर्णोद्वार बीकानेर के महाराज काल में 1887 व 1943 में करवाया गया।

गोगाजी का यह मंदिर आज हिंदू, मुस्लिम, सिख व ईसाईयों में समान रूप से श्रद्वा का केन्द्र है। सभी धर्मो के भक्तगण यहां गोगा मजार के दर्शनों हेतु भादव मास में उमड़ पडते हैं। राजस्थान का यह गोगामेडी नाम का छोटा सा गांव भादव मास में एक नगर का रूप ले लेता है और लोगों का अथाह समुद्र बन जाता है। गोगा भक्त पीले वस्त्र धारण करके अनेक प्रदेशों से यहां आते हैं। सर्वाधिक संख्या उत्तर प्रदेश व बिहार के भक्तों की होती है। नर-नारियां व बच्चे पीले वस्त्र धारण करके विभिन्न साधनों से गोगामेडी पहुंचते हैं। स्थानीय भाषा में इन्हें पूरबिये कहते हैं। भक्तजन अपने-अपने निशान जिन्हे गोगाछड़ी भी कहते हैं लेकर मनौती मांगने नाचते-गाते ढप व डमरू बजाते व कुछ एक सांप लिए भी आते हैं। गोगा को सापों के देवता के रूप में भी माना जाता है। हर धर्म व वर्ग के लोग गोगाजी की छाया चढ़ाकर नृत्य की मुद्रा में सांकल खाते व पदयात्रा करते तथा गोरखनाथ टीले से लेटते हुए गोगाजी के समाधि स्थल तक पहुंचते हैं। नारियल, बताशे का प्रसाद चढ़ाकर मनौती मांगते हैं।

जातरु ददरेवा आकर न केवल धोक आदि लगाते हैं बल्कि वहां अखाड़े में बैठकर गुरु गोरक्षनाथ व उनके शिष्य जाहरवीर गोगाजी की जीवनी के किस्से अपनी-अपनी भाषा में गाकर सुनाते हैं। प्रसंगानुसार जीवनी सुनाते समय वाद्ययंत्रों में डैरूं व कांसी का कचौला विशेष रूप से बजाया जाता है। इस दौरान अखाड़े के जातरुओं में से एक श्रद्धालु अपने सिर व शरीर पर पूरे जोर से लोहे की सांकले मारता है। मान्यता है कि गोगाजी की संकलाई आने पर ऐसा किया जाता है।

गोगाजी का जन्म राजस्थान के ददरेवा (चूरू) चैहान वंश के राजपूत शासक जैबर की पत्नी बाछल के गर्भ से गुरू गोरखनाथ के वरदान से भादो शुदी नवमी को हुआ था। इनके जन्म की भी विचित्र कहानी है। एक किवदंती के अनुसार गोगाजी का मां बाछल देवी निरूसंतान थी। संतान प्राप्ति के सभी यत्न करने के बाद भी संतान सुख नही मिला। गुरू गोरखनाथ गोगामेडी के टीले पर तपस्या कर रहे थे। बाछल देवी उनकी शरण मे गईं तथा गुरू गोरखनाथ ने उन्हे पुत्र प्राप्ति का वरदान दिया और कहा कि वे अपनी तपस्या पूरी होने पर उन्हें ददरेवा आकर प्रसाद देंगे जिसे ग्रहण करने पर उन्हे संतान की प्राप्ति होगी।

तपस्या पूरी होने पर गुरू गोरखनाथ बाछल देवी के महल पहुंचे। उन दिनों बाछल देवी की सगी बहन काछल देवी अपनी बहन के पास आई हुई थी। गुरू गोरखनाथ से काछल देवी ने प्रसाद ग्रहण कर लिया और दो दाने अनभिज्ञता से प्रसाद के रूप में खा गई। काछल देवी गर्भवती हो गई। बाछल देवी को जब यह पता चला तो वह पुनरू गोरखनाथ की शरण मे गई। गुरू बोले देवी मेरा आशीर्वाद खाली नहीं जायेगा तुम्हे पुत्ररत्न की प्राप्ति अवश्य होगी। गुरू गोरखनाथ ने चमत्कार से एक गुगल नामक फल प्रसाद के रूप में दिया। प्रसाद खाकर बाछल देवी गर्भवती हो गई और तदुपरांत भादो माह की नवमी को गोगाजी का जन्म हुआ। गुगल फल के नाम से इनका नाम गोगाजी पड़ा। गोगादेव की जन्मभूमि ददरेवा पर आज भी उनके घोड़े का अस्तबल है और सैकड़ों वर्ष बीत गए, लेकिन उनके घोड़े की रकाब अभी भी वहीं पर विद्यमान है। उक्त जन्म स्थान पर गुरु गोरक्षनाथ का आश्रम भी है और वहीं है गोगादेव की घोड़े पर सवार मूर्ति। कायम खानी मुस्लिम समाज उनको जाहर पीर के नाम से पुकारते हैं तथा उक्त स्थान पर माथा टेकने और मन्नत मांगने आते हैं। इस तरह यह स्थान हिंदू और मुस्लिम एकता का प्रतीक है।

## प्राणवान प्रतिभाओं की खोज

प्रगति पथ पर अग्रसर होने के लिए तदनुरूप योग्यता एवं कर्मनिष्ठा उत्पन्न करनी पड़ती है। साधन जुटाने पड़ते हैं। कठिनाइयों से जूझने, अड़चनों को निरस्त करने और मार्ग रोककर बैठे हुए अवरोधों को हटाने के लिए साहस, शौर्य और सूझबूझ का परिचय देना पड़ता है। जो कठिनाइयों से जूझ सकता है और प्रगति की दिशा में बढ़ चलने के साधन जुटा सकता है, उसी को प्रतिभावान कहते हैं। सामुदायिक सार्वजनिक क्षेत्र में सुव्यवस्था बनाने के लिए और भी अधिक प्रखरता चाहिए। यह विशाल क्षेत्र, आवश्यकताओं और गुत्थियों की दृष्टि से तो और भी बढ़ा-चढ़ा होता है। हीन वर्ग अपने साधनों के लिए, मार्गदर्शन के लिए दूसरों पर निर्भर रहता है। यह परजीवी वर्ग ही मनुष्यों में बहुलता के साथ पाया जाता है। अनुकरण और आश्रय ही उसका स्वभाव होता है। ऐसे लोग निजी निर्धारण कदाचित ही कभी कर पाते हैं। दूसरा वर्ग-समझदार होते हुए भी संकीर्ण स्वार्थपरता से घिरा रहता है। योग्यता और तत्परता जैसी विशेषताएं होते हुए भी ऐसे लोग अपने को लोभ, अहंकार की पूर्ति के लिए ही नियोजित किए रहते हैं। वे कृपणता और कायरता के दबाव में वे पुण्य-परमार्थ की बात सोच ही नहीं पाते। अवसर मिलने पर अनुचित कर बैठते हैं और महत्व न मिलने पर अनर्थ कर बैठते हैं। वे जैसे-तैसे जी लेते हैं, पर श्रेय सम्मान जैसी किसी मानवोचित्त उपलब्धि के साथ उनका संबंध नहीं जुड़ता। उन्हें जनसंख्या का घटक भर माना जाता है। तीसरा वर्ग प्रतिभाशालियों का है। ये भौतिक क्षेत्र में कार्यरत रहते हुए अनेक व्यवस्थाएं बनाते हैं। ये अनुशासन और अनुबंधों से बंधे रहते हैं। अपनी नाव अपने बलबूते खेते हैं और उसमें बिठाकर अन्यों को भी पार करते हैं। कारखानों के व्यवस्थापक और शासनाध्यक्ष प्राय- इन्हीं विशेषताओं से सम्पन्न होते हैं।

## शहीद झूरी सिंह ने फूंका अंग्रेजों के खिलाफ बिगुल

प्रभुनाथ शुक्ल



स्वाधीनता आंदोलन का इतिहास रणबांकुरे से भरा पड़ा है। देश को परतंत्रता की बेड़ियों से मुक्त कराने के लिए लाखों लोग अपने प्राणों की आहुति दी है। ऐसे शहीदों की संख्या अनगिनत है। काशी-प्रयाग के मध्य गंगा की माटी में पले-बढ़े शहीद झूरी को याद करना जरुरी है। तत्कालीन जनपद मिर्जापुर के भदोही में शहीद झूरी सिंह के नेतृत्व में अंग्रेजो के खिलाफ बगावत का बिगुल फूंका गया था। झूरी सिंह का जन्म भदोही जनपद के परऊपुर गांव में 21 अक्टूबर 1816 में हुआ था। उनके पिता का नाम सुदयाल सिंह था।

अंग्रेजों के खिलाफ 28 फरवरी को अभोली में सभासिंह के बाग में मीटिंग आयोजित कि गयी थीं जिसका मकशद था अंग्रेजों को नील की खेती से रोकना। बाद में खुद की सेना को संगठित कर अंग्रेजों के खजाने को लूट कर देश को गुलामी से मुक्त कराना था। अंग्रेजों के खिलाफ इस रणनीति में उदवंत सिंह, राम बक्श सिंह, भोला सिंह, रघुवीर सिंह, दिलीप सिंह, माता भक्त सिंह, सर्वजीत सिंह, राजकरण सिंह, संग्राम सिंह, महेश्वरी प्रसाद, बलभद्र सिंह, शिवदीन, रामटहल हनुमान जैसे ब्राम्हण युवा शामिल हुए। देश में 1857 की क्रांति भड़कने के बाद अंग्रेजो के खिलाफ गांव-गांव में आक्रोश फैलने लगा था। जनता नील की खेती का विरोध करने लगी थी। शहीद झूरी सिंह के प्रपौत्र रामेश्वर सिंह ने बताया कि यूरोपीयन इतिहासकार जक्शन ने लिखा है कि 10 जून 1857 को भदोही में क्रांति ने इतना व्यापक रूप ले लिया था कि अंग्रेज सिपाहियों को मिर्जापुर की पहाड़ी पर भागना पड़ा था। भंडा गांव में अंग्रेजों द्वारा नियुक्त सजावल को घायल कर दिया गया और जीटी रोड पर अवरोध उत्पन्न कर मालखाने को लूट लिया गया। इस सफलता के बाद संगठित सेना गठित कर अपने सिपाहियों की नियुक्त कर उदवंत सिंह को राजा घोषित कर दिया गया। उदवंत सिंह की गतिविधियों की खबर जब अंग्रेजों को मिल तो खलबली मच गयी। जिसका नतीजा हुआ कि 16 जून को अंग्रेजों ने अपनी चाल बदलते हुए मिर्जापुर के ज्वाइंट मजिस्ट्रेट बिलियन रिचर्ड म्योर जो बंगाल सिविल सेवा का अधिकारी था उसकी नियुक्ति भदोही के पाली गोदाम पर कर दी गयी। अंग्रेज यहाँ नील की खेती कराते थे। इसके बाद अंग्रेज अफसर ने एक साजिश रची और क्रांति का नेतृत्व कर रहे उदवंत सिंह को निमंत्रण पत्र भेजकर बुलवाया। फिर उदवंत सिंह के साथ दो और और क्रांतिकारियों को गिरफ्तार कर गोपीगंज के शाहीमार्ग पर इमली के पेड़ पर फांसी पर लटका दिया गया। फांसी की घटना के बाद भदोही की जनता का आक्रोध फूट पड़ा। शहीद उदवंत सिंह की धर्मपत्नी रत्ना सिंह ने तलवार उठा लिया और मजिस्ट्रेट बिलियन रिचर्ड म्योर का वध करने की ठान लिया। बाद में इस आंदोलन का नेतृत्व झूरी सिंह ने अपने हाथ में ले लिया। झूरी सिंह मजिस्ट्रेट बिलियन रिचर्ड म्योर को जिंदा नहीं देखना चाहते थे। उन्होंने अपने क्रांतिकारी साथियों को लेकर पाली स्थित नील गोदाम पर आक्रमण कर दिया। आक्रमण में तीन अंग्रेज अधिकारी और कुछ सिपाहियों हत्या कर दी गयी।

रामेश्वर सिंह के अनुसार क्राउन बनाम झूरी सिंह की गवाही में बताया गया है कि करीब 300 आजादी के दीवानों ने 4 जुलाई शाम 4-00 बजे पाली गोदाम पर आक्रमण किया था। आंदोलनकारियों के हमले से बचने के लिए ने पाली गोदाम से रिचर्ड म्योर अपनी जान बचाने के लिए भागना चाहा। लेकिन वहां शीतक पाल नामक गडेरिया अपनी भेड़ चरा रहा था। झूरी सिंह ने उसे ललकारा कि अंग्रेज भागने न पाए उसके पैर में लग्गा फसाओ। शीतल पाल ने वैसा ही किया और अंग्रेज अफसर गिर पड़ा। इसके बाद फौरन शहीद झूरी सिंह शेर की माफिक उस पर टूट पड़े और तलवार से उसके सिर को धड़ से अलग कर दिया। बाद में 16 साल का मुसई सिंह रिचर्ड म्योर का सिर हाथ में पकड़कर झूरी सिंह के साथ उदवंत सिंह की पत्नी रत्ना सिंह के पास पहुंच कर सामने पटक दिया। क्योंकि रत्ना सिंह ने कसम खाई थी कि जब तक उदवंत सिंह की हत्या बदला उन्हें नहीं मिल जाता वह चैन से नहीं जी सकती। इस घटना के बाद मुसई सिंह को पांच जुलाई को काले पानी की सजा सुनायी गयी और अन्डमान भेज दिया गया। पाली गोदाम पर आंदोलनकारियों के हमले और अंग्रेज अफसरों की हत्या के बाद हुकूमत की चूल्हे हिल गई।

# गाँधी-नेहरू की गलती को क्या मोदी ठीक करेंगे....?

### सूडोकु नवताल- 6167

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |


Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकु नवताल -6166 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

ओमप्रकाश मेहता



समय तो सदा से परिस्थितियों का दास रहा हे, आज से पचहत्तर साल पहले जहां भारत और प्रतीक्षित आजादी को हासिल करने से प्रसन्न था, वहीं उसके दिल में विभाजन की ठीस भी थी, आज पचहत्तर साल बाद आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान उसस पीड़ा को भी याद करके महात्मा गांधी व पं. जवाहरलाल नेहरू को कोसा जा रहा है, जबकि आज की इस पीढ़ी को उस समय की तत्कालीन परिस्थितियों और इन वरिष्ठ नेताओं की पीड़ा का कोई ज्ञान या एहसास नहीं है। सबसे बड़े आश्चर्य की बात तो यह है कि जो बात-बात पर भारतीय मुसलमानों को पाकिस्तान चले जाने का उलाहना देते है वही आज भारतीय विभाजन की आड़ में अपनी राजनीति को नया जीवनदान देना चाहते है? यह कितने आश्चर्य की बात है?

इसमें कोई दो राय नहीं कि हमारे पूर्वज भाग्यविधाता इन नेताओं ने कितनी पीड़ा झेलकर मोहम्मद अली जिन्ना की जिद पूरी की होगी। इसकी तो आज हम कल्पना भी नहीं कर सकते, क्या यह पीड़ा भारत से भगाए जाने वाले अंग्रेजों की देन थी या उस समय की परिस्थितियों ने भारत के विभाजन को जन्म दिया, यह तो एक लम्बी बहस व ÷गड़े मुर्दे उखाड़ने÷ की प्रक्रिया है, इस पर अब बहसस करके पूरे भारत को उसी पीड़ा से पीड़ित करना कतई ठीक नही है, किंतु यदि आज की सत्ता व उसकी राजनीति इसी दर्द भरी दुर्घटना की आड़ में अपनी कमियां छुपाने की कौशिश करती है तो इसे भारत का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा, यही नहीं आज की सत्ता की राजनीति तो यह कह रही है कि हर वर्ष आजादी के वार्षिक पर्व के पूर्व विभाजन की विभीषिका को याद करके उसकी संवत्तरी मनाई जाए। यद्यपि यह सही है कि पचहत्तर वर्ष पूर्व आजादी की खुशियों के साथ भारत को तोहफे के रूप में दी गई यह पीड़ा धर्म आधारित थी, वही घाव आज तक नासूर बनकर रिस रहा है और पूरा भारत उससे पीड़ित है। मानव निर्मित विभाजन की इस विभीषिका में लाखों परिवार तबाह हो गए थे और विभाजन के बाद हिंसा की अग्नि में समूची मानवता झुलसने लगी थी, यह भी सही है कि मानव इतिहास में इतना बड़ा रक्त रंजित विस्थापन इससे पहले कभी नहीं हुआ था लाखों की हत्या की गई थी, हजारों परिवार विस्थापित हो गए थे और अपनों से बिछुड गए थे, एक दिन पहले तक जिन घर-परिवारों में खुशियां थी, वहां उन घरों में कोई दीप जलाने वाला भी नहीं बचा था, लोग अपने प्रियजनों का अंतिम संस्कार तक नहीं कर पाए थे यह किसी देश की भौगोलिक सीमा का ही बंटवारा नही था, बल्कि यह बंटवारा था भावनाओं का, रिश्तों का व सच पूछो तो दिलों का। ....और आज यह सब याद करके हर दिल को पीड़ा अवश्य होती है, किंतु इस दुरूखद इतिहास को भुलाया भी तो नहीं जा सकता और इसे याद करना व कराना इसलिए भी जरूरी है कि हमारी नई पीढ़ी इस दर्दीली दास्तान से कुछ शिक्षा गृहण करें और इसकी पुनरावृत्ति रोके। ....किंतु आज खेद इस बात का है कि उसी दर्दीली दास्तान को भारत को याद कराकर उस पर राजनीति करने के प्रयास किए जा रहे है, जो सत्ता से जुड़े लोग बात-बात पर देश में निवासरत मुसलमानों को पाकिस्तान चले जाने की बात कहते है, वे ही आज विभाजन की विभीषिका को राजनीति का माध्यम बना रहे है, किंतु आज देश इन सत्ता से जुड़े लोगों से पूछना चाहता है कि यदि पचहत्तर साल पहले हमारे पूर्वज नेताओं ने भारत का विभाजन करने की जो गलती की, उसे मौजूदा प्रधानमंत्री श्रीयुत नरेन्द्र भाई मोदी जी ठीक कर सकते थे, अर्थात् क्या वे फिर से 'अखण्ड भारत' की भावना के तहत पाकिस्तान का भारत में संविलियन कर सकते है? और वे ऐसा करने में सफल हो जाते है तो भारतीय इतिहास में उनके नाम की चमक नेहरू-गांधी से भी अधिक प्रभावी होगी और मौजूदा राजनीतिक हालातों में जबकि हमारे प्रधानमंत्री को पूरा विश्व सम्मान और करिश्माई व्यक्तित्व के रूप में देखा रहा है, तब इस दिशा में भारात द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर इस दिशा में भी प्रयास किये जा सकते है।

## कश्मीर को अछूत क्यों बना रहे हैं?

डॉ वेदप्रताप वैदिक

जम्मू-कश्मीर को लेकर अब एक और नया विवाद छिड़ गया है। चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि जम्मू-कश्मीर में रहनेवाले अन्य प्रांतों के नागरिकों को अब वोट डालने का अधिकार मिलनेवाला है। जम्मू-कश्मीर की लगभग सभी पार्टियां इस नई पहल पर परेशान दिखाई पड़ रही हैं। पहले तो वे धारा 370 और 35 ए को ही हटाने का विरोध कर रही थीं। अब उन्हें लग रहा है कि उनके सिर पर एक नया पहाड़ टूट पड़ा है। उनका मानना है कि केंद्र सरकार के इशारे पर किया जा रहा यह कार्य अगला चुनाव जीतने का भाजपाई पैतरा भर है लेकिन इससे जम्मू-कश्मीर का असली चरित्र नष्ट हो जाएगा। सारे भारत की जनता कश्मीर पर टूट पड़ेगी और कश्मीरी मुसलमान अपने ही प्रांत में अल्पसंख्यक बन जाएंगे। इस वक्त वहां की स्थानीय मतदाताओं की संख्या लगभग 76 लाख है। यदि उसमें 25 लाख नए मतदाता जुड़ गए तो उन बाहरी लोगों का थोक वोट भाजपा को मिलेगा। जम्मू के भी ज्यादातर वोटर भाजपा का ही साथ देंगे। ऐसे में कश्मीर की परंपरागत प्रभावशाली पार्टियां हमेशा के लिए हाशिए में चली जाएंगी। पहले ही निर्वाचन-क्षेत्रों के फेर-बदल के कारण घाटी की सीटें कम हो गई हैं। इसी का विरोध करने के लिए नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारुक अब्दुल्ला ने भाजपा को छोड़कर सभी दलों की एक बैठक भी बुलाई है। पीडीपी की नेता महबूबा मुफ्ती भी काफी गुस्से में नजर आ रही हैं। इन कश्मीरी नेताओं का गुस्सा बिल्कुल स्वाभाविक है, क्योंकि नेता लोग राजनीति में आते ही इसीलिए हैं कि उन्हें येन-केन-प्रकरेण सत्ता-सुख भोगना होता है। केंद्र सरकार इधर जो भी सुधार वहां कर रही है, वह उन नेताओं को बिगाड़ के अलावा कुछ नहीं लगता। ऐसे में इन कश्मीरी नेताओं से मेरा निवेदन है कि वे अपनी दृष्टि ज़रा व्यापक क्यों नहीं करते हैं? यदि कश्मीरी नेता देश के गृहमंत्री, राज्यपाल, सांसद, राजदूत और केंद्र सरकार के पूर्ण सचिव बन सकते हैं तथा कश्मीरी नागरिक देश में कहीं भी चुनाव लड़ सकते हैं और वोट डाल सकते हैं तो यही अधिकार गैर-कश्मीरी नागरिकों को कश्मीर में दिए जाने का विरोध क्यों होना चाहिए? देश के जैसे अन्य प्रांत, वैसा ही कश्मीर भी। वह कुछ कम और कुछ ज्यादा क्यों रहे? यदि कश्मीरी लोग देश के किसी भी हिस्से में जमीन खरीद सकते हैं तो देश के कोई भी नागरिक कश्मीर में जमीन क्यों नहीं खरीद सकते? हमारे कश्मीरी नेता कश्मीर जैसे सुंदर और शानदार प्रांत को अन्य भारतीयों के लिए अछूत बनाकर क्यों रखना चाहते हैं?

# धूमधाम से मना भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव, रंग-विरंगी विद्युत रोशनी से सजे मंदिर



**मुरैना।** भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व शुक्रवार को पूर्ण श्रद्धाभाव के साथ जिलेभर में मनाया गया। मुरैना शहर में जन्माष्टमी पर्व मनाने के लिए सभी मंदिरों के आकर्षक ढ़ंग से सजाया गया। इसके साथ ही घर-घर में जन्माष्टमी पर्व पर कृष्ण भक्तों द्वारा दिन भर उपवास रखकर भगवान कृष्ण की आराधना की। वहीं मध्य रात्रि को भगवान का जन्मोत्सव मनाने के बाद भक्तगण अपना-अपना व्रत खोला। जन्माष्टमी पर्व पर शहर के बांके बिहारी मंदिर में विगत एक सप्ताह से तैयारियां चल रहीं थीं। मंदिर को आकर्षक ढ़ंग से रंग-बिरंगी विद्युत रोशनी से सजाया गया। वहीं रामजानकी मंदिर, महादेव नाका स्थित गिर्राज जी मंदिर सहित कई मंदिरों पर विशेष आकर्षक सजावट की गई। वहीं जौरा, कैलारस, सबलगढ, अम्बाह, पोरसा, बानमोर सहित जिले भर में जन्माष्टमी पर्व पर मंदिरों में विशेष सजावट की गयी तथा श्रद्धालुओं द्वारा धूमधाम से जन्माष्टमी पर्व मनाया गया।

### मंदिरों पर पुलिस बल तैनात

जन्माष्टमी पर्व पर सुरक्षा की दृष्टि से शहर के सभी मंदिरों पर पुलिस बल तैनात किया गया। जिससे लोगों को असुविधा न हो। वहीं शहर में जगह-जगह पुलिस सुरक्षा की दृष्टि से तैनात रही।

### बिहारी मंदिर की लाइट टेंडर में धांधले बाजी का आरोप

मुरैना। शहर के प्रसिद्ध श्री बांके बिहारी जी मंदिर में इस वर्ष हुए लाइट एवं फुल डेकोरेशन के कार्य में धांधले बाजी का आरोप लगाते हुए प्रशांत शर्मा ने कलेक्टर को आवेदन दिया है और कहा है कि ट्रस्ट के पैसे को बर्बाद किया जा रहा है तथा वर्ष 2019 जो कार्य हुए थे, वह सजावट इस बार नहीं हो पाई है। प्रशांत शर्मा ने जिला कलेक्टर को दिए आवेदन में बताया कि मंदिर की सजावट को लेकर पूर्व में आवेदन दिया था, परंतु कोई कार्यवाही नहीं हुई।शुक्रवार को जन्माष्टमी के पर्व पर मंदिर श्री बांके बिहारी में सजावट कम हुई है और पैसा अधिक लिया गया है। वर्ष 2019 के चित्र को देखकर इसका आंकलन किया जा सकता है कि काम कितने रुपए का हुआ है। इस वर्ष लाइट का कार्य 90 हजार रुपए तथा फूल डेकोरेशन का कार्य 90 हजार रुपए का दिया गया था, परंतु पूर्व की तरह इस बार मंदिर पर अधिक खर्चा करने के बाद भी सजावट दिखाई नहीं दे रही है।



## ज्ञान गंगा क्लब ने हर्षोल्लास से मनाया जन्माष्टमी का त्यौहार

**मुरैना।** माथुर वैश्य इंटरनेशनल ज्ञान गंगा क्लब मुरैना द्वारा शुक्रवार को जन्माष्टमी का आयोजन नीतू दीपक गुप्ता के निवास पर किया गया और श्री कृष्ण जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर क्लब की सदस्यों ने भगवान का जन्मोत्सव मनाया और पकवान बनाए, उसके पश्चात प्रसादी वितरण की। क्लब की महिलाओं ने घर पर ही भगवान श्री कृष्ण के अनेक रूप सजाए और माखन मिश्री का भोग लगाया इसके साथ ही क्लब की महिलाओं ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव के भजन गीत गाए और जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में क्लब की सदस्य श्रीमती नीतू दीपक गुप्ता, मीरा गोलश, विनीता गुप्ता, निधि विवेक गुप्ता, रमा गोलश, पिंकी राहुल गुप्ता, काजल अंशु गुप्ता, ऋतु श्रीराम गुप्ता, कंचन गुप्ता, वीना मुकेश गुप्ता, मिथलेश गुप्ता आदि सदस्य उपस्थित थे।

## शोभायात्रा में तिरंगा लहरा कर कुशवाहा समाज ने निकाली लव कुश जयंती

**अंबाह।** भगवान लव कुश के जन्मोत्सव पर अंबाह में विविध आयोजन हुए व धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। इस यात्रा में भगवान लवकुश की जीवंत झांकी प्रस्तुत की गई। वहीं तिरंगा हाथों में लेकर राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया गया। तहसील मुख्यालय पर निकली शोभायात्रा में क्षत्रिय कुशवाह समाज के लोगों ने हाथों में तिरंगा और तख्तियां लेकर स्वच्छता, बेटी बचाओ, रक्तदान महादान और पर्यावरण संरक्षण का प्रेरक संदेश दिया। यात्रा में भगवान लवकुश की जीवंत झांकी आकर्षण का केंद्र रही। लव कुश वेश में दो बालकों ने अश्वमेघ यज्ञ का घोड़ा थामे रखा था। शोभायात्रा तालाब रोड स्थित कुशवाह धर्मशाला से दोपहर को शुरू हुई जो संपूर्ण शहर का भ्रमण करके वापस तालाब रोड पर पहुंची, जहां कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज जन सफेद पोशाक में केसरिया साफे बांधकर शामिल हुए। वहीं महिलाएं लाल साड़ी की वेशभूषा में नजर आई। शोभायात्रा में तख्तियों के माध्यम से स्वच्छता, पानी बचाओ, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, रक्तदान महादान का संदेश दिया गया। वहीं डीजे व बैंड बाजे पर बजे भक्ति गीतों व देशभक्ति गीतों पर समाज के युवा जमकर झूमे चल समारोह में तिरंगा फहराकर देश भक्ति का संदेश भी दिया गया। युवा संगठन ने झांकी में हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाए। शोभायात्रा करीब शाम पांच बजे कुशवाहा धर्मशाला प्रांगण पहुंची। यहां भगवान लव कुश की महाआरती कर प्रसादी वितरित की गई। आयोजन में राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त राजकुमार सिंह कुशवाह विशेष रूप से मौजूद थे और वह शोभायात्रा में साथ साल चले। इस दौरान वार्षिक कुशवाहा बंधु मिलन समारोह का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज कुमार सिंह कुशवाहा ने कहा कि कुशवाहा समाज का संबंध भगवान श्री राम के ज्येष्ठ पुत्र कुश से है। हमें कुश के वंशज होने पर गर्व है। राजकुमार सिंह ने कहा कि लवकुश अन्याय के विरुद्ध न्याय की रक्षा सुरक्षा और समृद्धि के लिए भगवान श्री राम से युद्ध करने के लिए तैयार हो गए थे कुशवाहा समाज भी हमेशा से सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष करता आ रहा है।



## कलेक्टर को हटाने के लिए 4 दिन से चलाया जा रहा है हस्ताक्षर अभियान

### हजारों लोगों ने अभियान को समर्थन देते हुए किए हस्ताक्षर

**मुरैना।** मुरैना कलेक्टर बी कार्तिकेयन की हठधर्मिता और जनविरोधी कार्यप्रणाली से दुःखी होकर कई कर्मचारियों ने तो त्यागपत्र तक देने की बात बैठकों में कह दी लेकिन इन बातों पर मीडिया को भरोसा नहीं था लेकिन जब निर्वाचन के समय बी कार्तिकेयन कलेक्टर मुरैना की हठधर्मिता और अमर्यादित भाषा, असंवेदनशील कार्यप्रणाली निर्वाचन के दौरान सामने आई उससे आहत होकर मुरैना जिले के पत्रकारों ने राज्य सरकार और सरकार में शामिल जनप्रतिनिधियों से मुरैना कलेक्टर को हटाने की ज्ञापनों के माध्यम से मांग की लेकिन आज दिनांक तक सरकार के द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया। आक्रोशित पत्रकारों ने जिले के किसानों मजदूरों और वंचितों की समस्याओं के साथ-साथ निर्वाचन में की गई मनमानी और हठधर्मिता को ध्यान में रखते हुए बी कार्तिकेयन कलेक्टर मुरैना को हटाने के लिए जन आंदोलन शुरू किया है जिसके तहत 4 दिन से हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें जनता का पूरा समर्थन मिल रहा है। अभी तक हजारों लोगों द्वारा कलेक्टर हटाओ मुहिम पर हस्ताक्षर किए हैं और यह कलेक्टर हटाओ हस्ताक्षर अभियान एक दिन और जारी रहेगा। बीते रोज यह अभियान शहीद संग्रहालय पर चलाया गया तो गत दिवस बैरियल चौराहे के पास एवं हनुमान चौराहे पर बैनर लगाकर चलाया गया इस दौरान हजारों लोगों ने अभियान पर हस्ताक्षर कर कलेक्टर की कार्यप्रणाली से शुभ और आक्रोशित होने का प्रमाण दिए और सरकार से मांग की, कि ऐसे संवेदनशील एवं जनता के प्रति गैर जिम्मेदार प्रशासक को तत्काल हटाने की मांग की है। शुक्रवार को इस अभियान के क्रम में रामजानकी मंदिर व बिहारी जी मंदिर पर कलेक्टर मुरैना हटाओं की मांग के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।



## मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**अंबाह।** जन्माष्टमी के अवसर पर माखन दास एकेडेमी अम्बाह में मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें एकेडेमी के बच्चों सहित आसपास ने बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर सनातनी परंपरा को बनाए रखने की जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली। स्कूल संचालक श्रीमती वन्दना शुक्ला ने श्री कृष्ण के अवतार के बारे में बच्चों को जानकारी दी एवं जन्माष्टमी का महत्व समझाया। कार्यक्रम का आयोजन प्राची शर्मा, प्रशांत शर्मा, धर्मदत्त शर्मा, जाग्रति तोमर, रेनू तोमर, मोहिनी शर्मा, राजा छारी द्वारा आयोजन संपन्न कराया गया। इस अवसर पर मटकी फोड़ने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया।



## नियम विरुद्ध नर्सिंग कॉलेज बंद होने पर प्रसन्नता जाहिर की

**अंबाह।** नर्सिंग कौंसिल की पूर्व रजिस्ट्रार चंद्रकला दिवगया द्वारा पिछले सत्र 2020 में अधिक संख्या में प्रदेश में खोले गए नर्सिंग कॉलेज ( 667 )के कारण हाई कोर्ट जबलपुर में जनहित याचिका दायर की गई थी। जनहित याचिका में मुख्य न्यायधीश ने सुनवाई करते हुए नियम विरुद्ध संचालित नर्सिंग कॉलेज बंद करने के निर्देश दिए गये। नर्सिंग काउंसिल द्वारा हाई कोर्ट को बताया गया है कि जबलपुर, इंदौर संभाग के 94 कॉलेज का नवीनीकरण नहीं किया गया है और 200 से अधिक कॉलेजों के मान्यता आवेदन निरस्त कर दिए हैं यदि कोई कॉलेज नियमों की पूर्ति नहीं करेगा तो आगे भी नियम विरुद्ध संचालित कॉलेज पर कार्यवाही की जायेगी। नियम विरुद्ध संचालित कॉलेज अधिक संख्या में बंद करने पर हाई कोर्ट द्वारा नर्सिंग कौंसिल की वर्तमान रजिस्ट्रार और अध्यक्ष की कार्यप्रणाली पर खुशी जाहिर की गई और संचालित संस्थाओं में मूलभूत सुविधाओं को जांचने के निर्देश दिए।

## भाजपा नेता प्रीतम लोधी पर मुरैना कोतवाली में हुआ मामला दर्ज

### ब्राह्मण समाज के आक्रोशित लोगों ने कहाः कार्रवाई नहीं हुई तो उन्माद फैल सकता है

**मुरैना।** गत दिवस भाजपा के नेता प्रीतम लोधी द्वारा ब्राह्मण समाज के विरुद्ध जातिगत उन्माद फैलाने के उद्देश्य से दिए गए भाषण के विरोध में प्रदेश के साथ-साथ मुरैना जिले का ब्राह्मण समाज भी बेहद आक्रोशित है और शुक्रवार को समाज के लोगों ने सिटी कोतवाली पहुंचकर आवेदन दिया तथा भाजपा नेता प्रीतम लोधी के विरुद्ध मामला दर्ज कराया। कोतवाली पुलिस ने दिनेश दंडोतिया सहित अन्य लोगों की रिपोर्ट पर से विभिन्न धाराओं के तहत आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

ब्राह्मण समाज के दिनेश दंडोतिया, राजीव शर्मा, श्रीभगवान शर्मा, सविता गौतम, कीर्ति दंडोतिया आदि ने कोतवाली पुलिस को आवेदन दिया, जिसमें कहा गया कि प्रीतम लोधी द्वारा ब्राह्मण समाज के विरुद्ध जातिगत उन्माद फैलाने के उद्देश्य दिए गए भाषण के विरोध में अपराध दर्ज किया जाए। ज्ञात हो कि भाजपा नेता प्रीतम सिंह के द्वारा वीरांगना अवंती बाई लोधी की 191 वी जयंती के मौके पर शिवपुरी के बदरवास स्थित एक गांव में छात्र सम्मान कार्यक्रम में भाषण दिए गए, जिसके वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुए। इस वीडियो में प्रीतम लोधी ने कहा कि ब्राह्मण लोगों को बेवकूफ बनाते हैं और महिलाओं पर गंदी नजर रखते हैं। यहां आकर कुछ ब्राह्मण भागवत के नाम पर पैसे की उगाही करते हैं, लोगों को बरगलाते हैं और 9 दिनों तक रोज 7 से 8 घंटे तक पागल बनाते हैं। उनकी बातों में आकर महिलाएं अपने घरों से घी, शक्कर, गेहूं, चावल चुरा-चुरा कर उनके चरणों में अर्पित कर देती हैं, इसे अपने बच्चों को देने की बजाय ब्राह्मण देवता को दिया जाता है। प्रीतम लोधी ने यह भी कहा कि ब्राह्मण पूरे गांव से दान दक्षिणा लेता है और रफू चक्कर हो जाता है तथा खा- खाकर ब्राह्मण लाल हो गया है। प्रीतम लोधी यहीं नहीं रुके और उन्होंने कहा कि भागवत करने वाला ब्राह्मण महिलाओं पर बुरी नजर रखता है। इस प्रकार की भाषा का इस्तेमाल प्रीतम लोधी द्वारा किया गया है। संपूर्ण मध्य प्रदेश के ब्राह्मण समाज में उनके इस बयान को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है। ब्राह्मण समाज के नेताओं ने कहा कि प्रीतम लोधी आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है तथा ग्वालियर के कई थानों में इसके खिलाफ अपराध पंजीबद्ध है। उन्होंने प्रीतम लोधी पर न्याय उचित कार्रवाई करने की मांग की, जिसके बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल प्रीतम लोधी के विरुद्ध धारा 153, ए 505 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है।



## अस्पताल के सामने अंडर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल 17 वें दिन भी जारी रही

**कैलारस।** नगरीय क्षेत्र में ब्रॉडगेज निर्माण का कार्य द्रुत गति से चल रहा है। लेकिन कैलारस की आधी आबादी को 16 -16 फीट ऊंची दीवार बनाकर मुख्य सड़क की एप्रोच से दूर किया जा रहा है। हजारों आबादी जो पुराना कैलारस है। वह जनता आवागमन से पूरी तरह से वंचित हो जाएगी। नगर में निकली 3 किलोमीटर की ब्रॉड गेज लाइन में दो फाटक बस स्टैंड के लिए एक फाटक गांधी मार्ग के लिए रखा गया है। इसके अलावा अस्पताल जैसी महत्वपूर्ण सुविधा को भी परंपरागत रास्ते से वंचित कर दिया है। नागरिक गण अस्पताल के सामने अंडर ब्रिज ( सव -वे ) बनाने की मांग को लेकर गत 17 दिनों से भूख हड़ताल कर रहे हैं। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। शुक्रवार को भूख हड़ताल पर मुकेश कुशवाह, उम्मेद यादव, रमेश शाक्य, लज्जा कर्ण बैठे। उनको माल्यार्पण करके ओमप्रकाश श्रीवास एवं अन्य स्थानीय नेतागणो द्वारा बिठाया गया। हड़तालकर्मियों ने बताया कि कार्यवाही नहीं होने की दशा में पंचायत बुलाकर आगे का निर्णय भी लिया जाएगा।




## ब्रह्माकुमारी पाठशाला में धूमधाम से मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

**मुरैना।** ब्रह्माकुमारी पाठशाला में जन्माष्टमी महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में हेमा अग्रवाल समाज सेविका उपस्थित रही। उत्सव के दौरान ब्रह्माकुमारी कृष्णा दीदी ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व की आध्यात्मिकता बताते हुए कहा हर वर्ष भारत में जन्माष्टमी के दिन श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। हरेक माता अपने बच्चे को नयनों का तारा और दिल का दुलारा समझती है, परन्तु फिर भी वह श्रीकृष्ण को सुंदर, मनमोहन, चित्तचोर आदि नामों से पुकारती है। वास्तव में श्रीकृष्ण का सौंदर्य चित्त को चुरा ही लेता है। जन्माष्टमी के दिन जिस बच्चे को मोर मुकुट पहनाकर, मुरली हाथ में देते हैं, लोगों का मन उस समय उस बच्चे के नाम, रूप, देश व काल को भूल कर कुछ क्षणों के लिए श्रीकृष्ण की ओर आकर्षित हो जाता है। सुंदरता तो आज भी बहुत लोगों में पाई जाती है परंतु श्रीकृष्ण सर्वांग सुंदर थे, सर्वगुण संपन्न, सोलह कला सम्पूर्ण थे। ऐसे अनुपम सौंदर्य तथा गुणों के कारण ही श्री कृष्ण की पत्थर की मूर्ति भी चित्तचोर बन जाती है।

ब्रह्माकुमारी कृष्णा दीदी ने कहा कि इस कलियुगी सृष्टि में एक भी ऐसा व्यक्ति नहीं होगा जिसकी वृत्ति, दृष्टि कलुषित न बनी हो, जिसके मन पर क्रोध का भूत सवार न हुआ हो अथवा जिसके चित्त पर मोह, अहंकार का धब्बा न लगा हो, परन्तु श्रीकृष्ण जी ही ऐसे थे जिनकी दृष्टि, वृत्ति कलुषित नहीं हुई, जिनके मन पर कभी क्रोध का प्रहार नहीं हुआ, कभी लोभ का दाग नहीं लगा। ये नष्टोमोहा, निरहंकारी तथा मर्यादा पुरूषोत्तम थे। उनको सम्पूर्ण निर्विकारी कहने से ही सिद्ध है कि उनमें किसी प्रकार का रिंचक मात्र भी विकार नहीं था। जिस तन की मूर्ति सजा कर मंदिर में रखी जाती है, उसका मन भी तो मंदिर के समान था। श्रीकृष्ण केवल तन से ही देवता नहीं थे, उनके मन में भी देवत्व था। जिस श्रीकृष्ण के चित्र को देखते ही नयन शीतल हो जाते हैं, जिसकी मूर्ति के चरणों पर जल डाल कर लोग चरणामृत पीते हैं और उससे ही अपने को धन्य मानते हैं, यदि वे वास्तविक साकार रूप में आ जाएँ तो कितना सुखमय, आनंदमय, सुहावना समय हो जाए।



# राजिम, गरियाबंद, मैनपुर,देवभोग में रेल्वे टिकिट आरक्षण केन्द्र खोलने की मांग की - विभा अवस्थी

**त्रिलोकी तिवारी ब्यूरो**

**गरियाबंद** - पीएसी रेल बोर्ड रेल मंत्रालय भारत सरकार की सदस्य श्रीमती विभा अवस्थी ने रेल्वे बोर्ड की बैठक राजिम, गरियाबंद, मैनपुर, देवभोग में रेल्वे टिकिट आरक्षण केंद्र प्रारंभ करवाने की मांग की है। मंगलवार को नई दिल्ली के रेल्वे भवन में रेल्वे बोर्ड को बैठक आयोजित थी। इसमें छत्तीसगढ़ से रेल्वे बोर्ड की सदस्य एवं भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री श्रीमती विभा अवस्थी ने क्षेत्र कि जन हित की प्रमुख मांगो की विस्तार से रखा। बैठक में रेल मंत्रालय ब्रष्ट समिति के चेयरमैन पी.के कृष्ण दास, रेल्वे के उच्च अधिकारी और सभी सदस्य मौजूद थे। बैठक में क्षेत्र की प्रमुख मांग रखते हुए श्रीमती अवस्थी ने राजिम, गरियाबंद, मैनपुर, देवभोग में रेल्वे टिकिट आरक्षण सेवा केंद्र प्रारंभ करवाने की मांग रखी। इसके साथ ही रायपुर से राजिम मैनपुर गरियाबंद उड़ीसा बॉर्डर तक रेल लाइन का सर्वे कराकर रेल सुविधा प्रारंभ करने की मांग भी प्रमुखता से रखी। उन्होंने कहा की गरियाबंद जिला रायपुर राजधानी को ओडिशा से जोड़ने का एक मात्र सीधा मार्ग है। इस मार्ग में रायपुर से राजिम, गरियाबंद, मैनपुर से होते हुए उड़ीसा बॉर्डर तक रेल सुविधा प्रारंभ करने से व्यापारिक क्षेत्र में विकास की काफी संभावना हैं। इसका लाभ आम नागरिक, व्यापारी, किसानों सहित सभी वर्ग को मिलेगा। इसके अलावा रेल की सुविधा प्रारंभ होने से गरियाबंद जिला भी आधुनिकता के साथ विकास की गति को प्राप्त करेगा। श्रीमती अवस्थी ने अवगत कराया की वर्षो से गरियाबंद जिले को राजधानी रायपुर और ओडिशा बार्डर तक रेल लाइन जोड़ने की मांग लंबित है। कई बार सर्वे हो चुका है। ओडिशा के जूनागढ़ तक रेल लाइन आ चुकी है। जिले में राजिम तक छोटी रेल लाइन भी है। इसे आगे ओडिशा बार्डर तक जोड़ा जा सकता है। उन्होनें बताया की गरियाबंद जिले से बड़ी संख्या में लोग रेल्वे के माध्यम से ही देश के विभिन्न राज्यों में आना जाना करते है, मुख्यालय से रेलवे राजधानी के स्टेशन से संबंधित स्थानों की दूरी काफी दूर है। गरियाबंद मुख्यालय से इसकी दूरी 90 किमी है। दूरी अधिक होने के कारण यहां के लोगों को ट्रेन में सफर/यात्रा करने के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जिले की जनसंख्या बढ़ने के साथ ही यहां व्यापार उद्योग विकास की भी संभावना है। साथी क्षेत्र के नागरिकों को तत्काल सुविधा प्रदान करने हेतु रेल आरक्षण केंद्र सुविधा प्रारंभ करके आम आदमियों को परेशानी होती उसे बचाया जा सकता है। इसके अलावा बैठक में जबलपुर से रायपुर नई ट्रेन इंटरसिटी प्रारंभ करने, महासमुंद में नेशनल हाइवे पर फ़्लाई ओवर निर्माण की भी मांग रखी। कोमाखान में क्लिक करके लोडिंग अनलोडिंग का मुद्दा भी गंभीरता से रखा। इसके अलावा महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के निरीक्षण के बाद जांच रिपोर्ट पेश की संबलपुर डिविजन, नागपुर डिविजन, रायपुर डिविजन, बिलासपुर डिविजन की यात्री सुविधा विषयों की लिपिबद्ध एवं मौखिक जानकारियां दी गई। मूलभूत समस्याओं को तत्काल दूर करने की अधिकारियों को आदेशित किया। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ के यशस्वी नेतृत्वकर्ता केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती रेणुका सिंह की मांग पर अंबिकापुर से देश की राजधानी दिल्ली तक नई ट्रेन चलाई जाने पर छत्तीसगढ़वासियों की ओर से धन्यवाद एवं आभार भी जताया।



## भोलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में विहिप स्थापना दिवस पर हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम

**नरेश कुमार सीरवी पाली सोजत** । सोजत के स्थानीय सरकारी कर्मचारी कॉलोनी भोलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल स्थानीय आमजन व कार्यकर्ता द्वारा पेड़ पौधे लगाए गए,, तथा भोलेश्वर महादेव मंदिर की साफ सफाई की गई ,,विहिप स्थापना दिवस पर जिला अध्यक्ष उमेद सिंह दोरनडी ने बताया कि कृष्ण जन्माष्टमी के दिन ही विहिप की स्थापाना हुई इसकी स्थापना के कारण आज देश ही नही विदेश में भी सत्य सनातन धर्म की रक्षा हेतु बजरंगी अपने प्राण न्यौछावर को अपना सोभागिय मानते हैं। हिंदू धर्म की रक्षा के लिए सदेव ये संगठन सदेव तत्पर रहता है ।तथा पर्यावरण की दृष्टि से हमे अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने चाहिए,,,जिस से इंसान और प्रकृति के साथ समन्वय स्थापित रहें वहीं व्हिप विभाग मंत्री राज कुमार सोनी ने अपने उद्बोधन में श्री कृष्ण और बलराम के वीर शौर्य पर बताया कि सत्य के लिए हमे सदेव आगे रहना चाहिए विधर्म मार्ग हमेशा विनाश की ओर बढ़ता है। वही प्रांत प्रमुख धर्म प्रसार के पुखसिंग राजपुरोहित ने बताया आज के समय में लव जिहाद और असामाजिक घटनाओं ने हिंदू धर्म पर आक्रमण किया,, बाद में बड़ी संख्या में मोहल्ले वासियों द्वारा भोलेश्वर महादेव की आरती और हनुमान चालीसा पाठ कर विश्वकल्याण की कामना की गई। इस कार्यक्रम में पंडित सत्यनारायण श्रीमाली वार्ड पार्षद लकी जोशी महेश चांडक मांगीलाल माली विशन सिंह भाटी, मोहन बा ,बैंक मैनेजर देवाराम , ज्ञानेश्वर टाक महेंद्र गहलोत जगदीश सेन रुपाराम मांली जितेंद्र सांखला रतन बंजारा राजा बाबू प्रकाश जोशी रमेश प्रजापत रंजीत राजपुरोहित प्रेम चांडक मांगी देवी सरोज देवी हीरा देवी संतोष बजरंग दल प्रखंड मंत्री महेंद्र टाक बजरंग दल नगर संयोजक महेश साखला लक्ष्मण परिहार राजा वाल्मीकि नकुल कश्यप इत्यादि कार्यकर्ता मौजूद रहे



# कलेक्टर ने जिले में उर्वरक की उपलब्धता के संबंध में बैठक ली

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में जिले में उर्वरक की उपलब्धता के संबंध में बैठक कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में उप संचालक कृषि शिवराज सिंह यादव, डीएमओ मार्फेड, सोसायटी सचिव उपस्थित रहे।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने उप संचालक कृषि, डीएमओ मार्फेड से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन स्टॉक में यूरिया, डीएपी, एएसपी की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने डीएपी एवं यूरिया स्टॉक जीरो है ऐसी कितनी सोसायटी हैं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने ब्लॉक वार सोसायटी में ऑनलाइन और ऑफलाइन डीएपी एवं यूरिया की उपलब्धता की रिपोर्ट कलर कोड अनुसार तैयार कर उपलब्ध कराने निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा की जिन सोसायटी में पांच मैट्रिक टन या उससे अधिक खाद का स्टॉक है उन्हें ग्रीन कैटेगरी में रखा जाए, जिन सोसायटी में पांच से कम है उन्हें येलो और जिनमें जीरो मैट्रिक टन स्टॉक है उन्हें रेड कैटेगरी में रखकर सूची तैयार करने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कृषकों द्वारा कुल हैक्टेयर में बोई गई फसल, कौन-कौन सी फसल कितने हैक्टेयर में है, कितनी खाद की जरूरत है, कितना खाद मिल चुका है, कितना देना शेष है, की ब्लॉक वार सूची तैयार कर उपलब्ध कराने और प्रत्येक सप्ताह अपडेट करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।



# पुरानी पेंशन के लिए प्रदेश के सभी विधायकों के घर घर जाकर सौंपेंगे ज्ञापन--जनक सिंह रावत

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी** - न्यू मूवमेंट फार ओल्ड पेंशन संघ मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष सतेन्द्र सिंह तिवारी के प्रदेश व्यापी आह्वान पर मध्यप्रदेश के सभी जिलों की सभी विधानसभाओं में वहां के माननीय विधायकों के घर घर जाकर धरना प्रदर्शन के साथ ज्ञापन सौप कर मांग की जाएगी कि विधानसभा के बजट सत्र में पुरानी पेंशन बहाली हेतु जो संकल्प पारित करवाने हेतु विधानसभा पटल पर लाया गया था, उसमें कोई चर्चा नहीं होने पर संकल्प न पारित हो सका, न ही गिराया गया जबकि दो सैंकड़ा से ऊपर माननीय विधायकों ने भी मुख्यमंत्री जी को पत्र लिखकर पेंशन बहाली का अनुरोध किया था,लेकिन विधानसभा स्थगित हो गई, प्रदेश के ए न पी ए स अधिकारी,कर्मचारियों की एक ही मांग हैं, पुरानी पेंशन जिसके लिए न्यू मूवमेंट फार ओल्ड पेंशन संघ लगातार तीन वर्षो से मध्यप्रदेश में सत्याग्रह आंदोलनों के माध्यम से आवाज उठा रहा हैं, विधानसभा मानसून सत्र 13 अगस्त से शुरू होने जा रहा है, इसलिए छठवें बार प्रदेश के सभी विधायकों को पुनः स्मरण कराने हेतु ज्ञापन सौप कर अनुरोध किया जाएगा, कि छत्तीसगढ़, राजस्थान को तर्ज पर मध्यप्रदेश में भी पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल किया जाए माननीय प्रदेश के विधायकों से अपील किया जाएगा कि विधानसभा सत्र में संकल्प पारित करवाकर पुरानी पेंशन व्यवस्था जो मध्यप्रदेश में 2005 से बंद है, उसे पुनः बहाल कर प्रदेश के लगभग 6 लाख शासकीय अधिकारी कर्मचारी प्रभावित है, उसे बहाल की जाय संघ के राष्ट्रीय संयोजक ने समस्त प्रदेश, संभाग ,जिला, ब्लाक पदाधिकारीयों एवं प्रदेश के सभी विभागों में कार्यरत 2005 से बंद की गई पुरानी पेंशन व्यवस्था से प्रभावित शासकीय अधिकारी कर्मचारियों से अपील जारी की है। कि, अपने अपने विधानसभा क्षेत्रों के विधायकों को दिए जाने वाले ज्ञापन कार्यक्रम में अवश्य शामिल हो पेंशन बहाली आंदोलन को सफल बनाएं जिससे मध्यप्रदेश मै भी पुरानी पेंशन बहाल हो जाए।



# बहुजन एवं दलित समाज के हो रहे अत्याचारों के खिलाफ बहुजन समाज पार्टी हमेशा संघर्ष के लिए तैयार- सचिव नवल धाकड़

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**- जालौर जिले के गांव सुराणा में हुऐ जातिवाद के शिकार इन्द्र कुमार मेघवाल को न्याय दिलाने के लिए माननीय मुकेश अहिरवार प्रदेश प्रभारी बसपा मध्यप्रदेश के नेतृत्व में सड़क पर उतरी बसपा प्रदर्शन किया,शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए तहसील प्रांगण पहुंचे जहां पर तहसीलदार महोदय को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जालौर घटना व शिवपुरी जिले में आए दिन हो रही घटनाओं पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो मांग की, इस दौरान जिला अध्यक्ष धनीराम चौधरी,सुआलाल जाटव जिला प्रभारी बसपा,संत सिंह आदिवासी जिला प्रभारी बसपा,नवल सिंह धाकड़ जिला सचिव,शांति दास फले जिला संगठन मंत्री,संतोष कुमार जाटव विधानसभा अध्यक्ष करेरा,महेश कुमार जाटव विधानसभा अध्यक्ष पिछोर और बसपा के करेरा पिछोर विधानसभा के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे




# 27 अगस्त को होने वाले स्वाबलंबी भारत अभियान कार्यक्रम के भव्य आयोजन की तैयारी में जुटे स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारी







**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**भिंड।** दिनांक 17 अगस्त 2022 को भिंड नगर में स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारियों द्वारा कोचिंग सेंटर पर जाकर स्वदेशी जागरण मंच स्वाबलंबी भारत अभियान के संबंध में छात्रों को जानकारी दी तथा भारत स्वावलंबी अभियान 27 अगस्त 2022 को एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें राष्ट्रीय स्तर के अधिकारी उपस्थित रहेंगे इसकी जानकारी भी सभी कोचिंग सेंटरों पर छात्रों से टीचरों से संपर्क कर दी गई जिसमें एक आदेश जैन जी सर की कोचिंग दूसरी कोचिंग आनंद सर जी तीसरी कोचिंग विजय शर्मा जी चौथी कोचिंग अजय जी दीक्षित 5 मी कोचिंग संजीव सर जी छटवीं कोचिंग धर्मेंद्र सर जी सातवीं कोचिंग नितिन मिश्रा जी एन डी सर के यहां छात्रों को रोजगार सर्जन स्वदेशी जागरण मंच के बारे में जानकारी दी जिसमें जिले के पदाधिकारी सुरेश जी शर्मा जिला युवा इकाई प्रमुख एवं महेंद्र शर्मा पूर्णकालिक दो जिला भिंड दतिया मुख्य रूप से रहे। 27 अगस्त 2022 को बड़ा बृहत कार्यक्रम के संबंध में जिले की पूरी टीम पदाधिकारी भिंड में जनसंपर्क में लगे हुए हैं जिनमें जिला संयोजक संतोष जी राजोरिया जी जिला युवा वाहिनी प्रमुख सुरेश जी शर्मा दो जिला पूर्णकालिक महेंद्र जी शर्मा एवं नगर संयोजक रिपुदमन उर्फ पंकज जी मिश्रा आदि कार्यकर्ता पूरी मेहनत और लगन से उस कार्यक्रम सफल बनाने के लिए रात दिन प्रयासरत हैं।

# मिट्टी धोकर निकाल रहे रेत : मोहनगढ़ तहसील के केशवगढ़ पंचायत का मामला वन विभाग की जमीन से निकले नाले पर हो रहा अवैध उत्खनन

**सुनील कुमार अहिरवार पुष्पांजली टुडे**

**टीकमगढ़** जिले में प्रशासन की नाक के नीचे मिट्टी से रेत निकाली जा रही है। जिला मुख्यालय से लगे आस - पास के गांव में लोग अवैध धंधे में लगे हैं लेकिन खनिज विभाग सहित राजस्व विभाग के अधिकारी ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। ताजा मामला मोहनगढ़ तहसील के ग्राम पंचायत केशवगढ़ का सामने आया है। यहां वन विभाग की जमीन से निकले नाले से मिट्टी निकालकर रेत बनाई जा रही है। मामले की शिकायत वन विभाग के चौकीदार ने वरिष्ठ अधिकारियों से की है लेकिन आला अधिकारियों ने अब तक कोई एक्शन नहीं लिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि नाले की मिट्टी को पानी से धो - धोकर घटिया क्वालिटी की रेत तैयार की जाती है।

**वन विभाग की जमीन से अवैध उत्खनन:** पंचायत सरपंच प्रतिनिधि पुष्पेंद्र जैन ने बताया कि ग्राम पंचायत में वन विभाग का संजय वन नामक उद्यान है। जिसमें हजारों की संख्या में इमारती लकड़ियों के पेड़ लगे थे। धीरे - धीरे जंगल नष्ट होता चला गया। वर्तमान में हालात यह है कि वन भूमि से निकले नाले से मिट्टी निकालकर और उसे पानी से धोकर बड़ी मात्रा में नकली रेत बनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि मामले की शिकायत संजय वन के चौकीदार बालकदास यादव ने वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से की थी। शिकायत के बाद भी अधिकारियों ने वन भूमि से मिट्टी निकालकर रेत बनाने बालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है।

**शहर में धड़ल्ले से बिक रही नकली रेत:** दरअसल बारिश के मौसम में खनिज विभाग की ओर से नदियों से रेत निकालने पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है। ऐसे में अवैध कारोबार करने वाले लोग छोटे-छोटे नालों की मिट्टी से नकली रेत बनाने में जुट जाते हैं। यही नकली रेत बाजार में 5 से 6 हजार रूपए ट्रॉली बेची जा रही है । इस बारे में खनिज विभाग को भी जानकारी है लेकिन कार्रवाई नहीं की जा रही है ।

**मामले की जांच के निर्देश दिए :** इस मामले में रेंजर श्रीराम सूत्रकार का कहना है कि चौकीदार ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। डिप्टी रेंजर को जांच के निर्देश दिए गए हैं।



# मच्छरों को डेंगू के साथ जीका वायरस का खतरा



## गर्भवती महिलाएं सबसे ज्यादा आती हैं वायरस की चपेट में

**भोपाल।** मच्छर जनित बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ता जा रहा है। डेंगू मलेरिया के साथ अब जीका वायरस का खतरा मडरा रहा है। जीका वायरस के शुरूआती लक्षण हल्के होते हैं। बुखार, रेशेज, जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों में दर्द, सिरदर्द और उल्टी जैसे लक्षण शामिल हैं, जीका वायरस होने की वजह से अस्पताल में भी भर्ती होना पड़ सकता है। गर्भवती महिलाएं जीका वायरस की चपेट में सबसे ज्यादा आती हैं। जीका वायरस गर्भवती महिला से उसके भ्रूण में जा सकता है, जिससे अजन्मे बच्चे में मास्तिष्क दोष पैदा हो सकता है, जिसे माइक्रोसेफेली के रूप में जाना जाता है। इसमें नवजात शिशु का मास्तिष्क और सिर सामान्य से आकार में छोटा हो सकता है। हालंकि लक्षणों का अनुभव करने वाली गर्भवती महिलाओं को ब्लड या यूरीन टेस्ट के लिए डाक्टर को दिखाना चाहिए ताकि इस तरह की स्थिति से बचा सके। सबसे ज्यादा रिस्क ऐसी जगहों पर जाना है, जहां जीका मौजूद है। मुख्य रूप से यह मच्छरों के काटने से फैलता है, लेकिन कभी-कभी एक गर्भवती महिला से उसके भ्रूण तक, यौन संपर्क के जरिए और ब्लड ट्रांसफ्यूजन के जरिए भी यह फैल सकता है। फिलहाल जीका का कोई इलाज नहीं है। लेकिन इसके लक्षण दिखने वाले व्यक्ति को आराम और डिहाइड्रेशन को रोकने के लिए पेय पदार्थ पीने की सलाह दी जाती है।

## संक्रमण को रोकने का सबसे अच्छा तरीका

मच्छरों के काटने से बचना, मच्छरों को बढ़ने से रोकना, सुरक्षित यौन संबंध बनाना। फुल स्लीव्स के कपड़े पहनना, कीट निवारक का इस्तेमाल करना, बिस्तर में मच्छरदानी लगाना आदि। इन सब तरीकों से मलेरिया, डेंगू व जीका वायरस से बचा जा सकता है। यह सावधानी भी रखें कूलर और गमले में पानी को समय-समय पर बदलते रहें,सब्जियां, पीने का पानी और फलों को साफ रखें,घर में मच्छर भगाने वाली दवा का इस्तेमाल करें,बच्चों को मच्छरदानी में सुलाएं तो बेहतर रहेगा,पैर और हाथ को गंदा न रखें, गंदा होने पर साबुन से धोएं।

# अमलीपदर सरस्वती शिशु मंदिर में जन्म कृष्ण मास्टमी के उपलक्ष पर दही लूट का कार्यक्रम हुआ सम्पन्न





**त्रिलोकी तिवारी ब्यूरो चीफ**

**गरियाबंद** जिला मैनपुर ब्लॉक नवीन तहसील कोर्ट अमलीपदर सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल में राधा कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता एवम दही लूट का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया इस प्रतियोगिता में शिशु विभाग से प्रथम स्थान सेवन सिन्हा,द्वितीय स्थान युवराज दुबे,राधा से शौम्या चक्रधारी प्रथम,प्राथमिक विभाग से कृष्ण सजाओ में प्रथम अंश राजपूत,द्वितीय स्थान लोहिताक्ष यादव,तृतीय स्थान रोहन यादव,राधा सजाओ में प्रथम स्थान नव्या निर्मलकर, द्वितीय स्थान काशिश नायक,तृतीय स्थान मुस्कान नागेश,सुदामा में प्रथम स्थान दिव्यांशु ध्रुव पूर्व माध्यमिक विभाग में कृष्ण सजाओ में प्रथम स्थान देवेंद्र सिन्हा, राधा सजाओ में प्रथम स्थान हेमप्रिया साहू,द्वितीय स्थान कु रीत मिश्रा, तृतीय स्थान ऐश्वर्या श्रीवास,उच्च माध्यमिक विभाग में राधा सजाओ में प्रथम स्थान कु हिमानी ताम्रकार, द्वितीय स्थान कु प्रिया दुबे,तृतीय स्थान कु यशस्वी मिश्रा रहे।इस तरह राधा कृष्ण की पूजन अर्चन कर दही लूट का कार्यक्रम किया गया।उक्त कार्यक्रम में सञ्चालन समिति के सदस्य श्री उत्तम श्रीवास जी,पालक श्री वीरसिंह प्रधान जी,दया राम निषाद जी,कुलेश्वर निषाद जी,विद्यालय के प्राचार्य श्री राजेश कुमार चक्रधारी जी,प्रधानाचार्य श्री कमल राम चक्रधारी जी,आचार्य बंशी धर साहू जी,अशोक यादव जी,तीर्थो यादव जी,हेमंत निर्मलकर जी,सन्तोष निर्मलकर जी,सोपसिंग मरकाम जी,योगेश निषाद जी,दिदिया जमुना त्रिपाठी जी,वैशाली महांती जी,अल्का शुक्ला जी,चन्द्रकान्ता महांती जी,दिव्या त्रिपाठी जी,अम्बिका यादव जी एवम समस्त भैया,बहने व पालक बन्धु उपस्थित थे

## सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### महेंद्र मुणोत ने कृष्ण जन्माष्टमी की दी बधाई

**पुष्पाजंली टुडे**



**बेंगलुरू** –आर आर इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज चिक बनावर मैं आयोजित अंतर महाविद्यालय प्रबंधन एवं सांस्कृतिक उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेंद्र मनोत विद्यार्थियों को कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई देते हुए अपने वक्तव्य में कहा सुदर्शन चक्र धारी कृष्ण हमारे आदर्श हैं कृष्ण के जीवन दर्शन का अध्ययन एवं उनके उपदेशों को अपने जीवन में अपनाकर हर क्षेत्र में सफल हो सकते हैं पूर्व पुलिस अधिकारी एसके उमेश ने विद्यार्थियों को दृढ़ संकल्प लगन एवं कड़ी मेहनत से जीवन में आगे बढ़ने की बात कही महाविद्यालय के प्राचार्य जनार्दन शेट्टी, एवं सचिव किरण एन आर ने अतिथियों का सम्मान किया ।

## प्रदर्शन के दूसरे दिन ब्राह्मण समाज के द्वारा प्रीतम सिंह लोधी पर कराई एफ आई आर



**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** खबर शिवपुरी जिला कोतवाली से है जहां आज ब्राह्मण समाज के लोगों ने एक बार फिर अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले और ब्राह्मण समाज कथा कथावाचको की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रीतम सिंह लोधी के खिलाफ शिवपुरी थाना कोतवाली मैं एफ आई आर दर्ज करवाई इस मौके पर शैलेन्द्र समाधिया अध्यक्ष बार एसोशिएसन जिला न्यायालय शिवपुरी ने मय हमराह रामजी व्यास, वीरेन्द्र शम्से, जितेन्द्र समाधिया, राजेन्द्र पिपलौदा, राजीव शर्मा, ओमप्रकाश भार्गव, योगेश तिवारी, पुरुषोत्तम कांत शर्मा एवं अन्य निवासीगण शिवपुरी में थाना उपस्थित आकर एक टाइप शुदा आवेदन प्रस्तुत किया जिसका मजवून हस्व जैस है प्रति श्रीमान याता प्रभारी महोदय, थाना कोतवाली जिला शिवपुरी म0901 विषय दिनांक 17.08.22 को ग्राम पंचात खरेह याना रेन्नोद जिला शिवपुरी में प्रीतम सिंह लोधी (भाजपा नेता) व्दारा ब्राहमण समाज पर की गयी अशोभनीय एवं अभद्र टिप्पणी की एफआईआर दर्ज करने वावत महोदय, निवेदन है कि में प्रार्थी शैलेन्द्र समाधिया (अध्यक्ष बार एसोशिएसन जिला न्यायालय शिवपुरी) विवेकानन्द पुरम कालोनी जिला शिवपुरी म0प्र0 का निवासी हूँ दिनांक 17.08.22 को दोपहर करीबन 3 बजे ग्राम खरेह थाना रन्नौद में वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी जयंती पर प्रतिभावान छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित हुआ था जिसमें मुख्य अतिथि लोधी समाज के मेला प्रीतम सिंह लोधी नि0 जलालपुर ग्वालियर द्वारा मेघ ग्राहमण समाज के लोगों के विरुद्ध अमर्यादित एवं अशमनीय टिप्पणी की थी जिसमें उसने ब्राहमण समाज पर भाषण देते हुये कहा था कि ब्राहम्ण 9 दिन की पूजा पाठ के नाम पर पागल बनाते दान के नाम पर चाफले सेते है पागल बनाकर पूरा पैसा ले आते है उल्लू बनाकर 25000रु ले जाते है अच्छे घर की महिलाओं को देखकर सुन्दर महिलाओं को देखकर शाम को भोजन उनके घर पर करने की कहते है हमारा माल खाकर ब्राहमण लाल पड़ रहे है 20 से 35 साल की महिलाओं को आगे बिठाते है बुद्धी छुट्टी महिलाओं को पीछे बिठाते है उक्त भाषण को सुनकर इस ब्राहमण समाज के लोगो के भावनाएं आहत हुयी है ब्राहमण समाज के लोगों में वैमनयस्तता एवं विघटन की स्थिति निर्मित हुयी है व समाज के लोगों से रोश व्याप्त है। अतः लोधी समाज के नेता पीलम सिंह लोधी के विरुध्द अपराध पंजीबद्ध करने की कृपा करे। पार्थी शैलेन्द्र पुत्र श्री राजेन्द्र समाधिया उम्र 47 साल नि0 विवेकानन्द पुरम कालोनी शिवपुरी हस्ताक्षर अग्रेजी सेलेन्द्र समाधिया दिनांक 19.08.2022 उपरोक्त मलवून से आरोपी प्रीतम लोधी के विरुद्ध अपराध धारा 1537, 505.294 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर घटना स्थल थाना नींद का होने से विधना हेतु धाना रन्नौद जिला शिवपुरी भेजी जाती है इसी घटना के संबंध में थाना रत्नीद में दिनांक 18.08.2022 को अपक. 121/22 धारा 153ए, 505 आदि का पंजीबद्ध कर विवेचना है। की गई कार्यवाही उपरोक्त विवरण से धारा 153ए, 505, 294 भादवि का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया नहीं लिया गया अथवा संबंधिता

## नाबार्ड के मुख्य महाप्रबन्धक ने खारची में खाद्य एवं मसले बनाने ट्रेनिंग का किया अवलोकन

### नाबार्ड आइडियल संस्था द्वारा बाली में ग्रामीण हाट बाज़ार का किया उद्घाटन



**पुष्पांजलि टुडे। पाली राजस्थान नरेश कुमार सिरवी**

**पाली रानी।** नाबार्ड राजस्थान के मुख्य महाप्रबन्धक बैज्जू एन कुरूप (सीजीएम) एवम रमेश महाप्रबन्धक (जीएम) ने मारवाड़ ब्लाक के खारची गाँव में नाबार्ड द्वारा वित्य पोषित एवं आइडियल संसथान द्वारा संचालित खाद्य एवं मसाले बनाने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्य महाप्रबन्धक का प्रसिक्षण केंद्र में सहायक महाप्रबन्धक विनोद दाधीच (एजीएम) नाबार्ड, लीड बैंक मेनेजर सुधाकर दुबे, आइडियल संसथान के मुख्य कार्यकारी निर्देशक अरुण कटियार, ब्लॉक परियोजना प्रबंधक मुकेश महर्षि राजस्थान ग्रामीण बैंक बैंक मैनेजर भरत सेकंड मैनेजर विनीता मीणा के द्वारा स्वागत किया गया । इस अवसर पर बैज्जू एन कुरूप द्वारा नाबार्ड के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का अवलोकन किया। तथा कार्यक्रम में मौजूद 30 प्रशिक्षणार्थियों से वार्ता कर विभिन्न जानकारी प्राप्त की साथ ही प्रसिक्षण के उपरांत की योजनाओ का भी जायजा लिया। सभी प्रशिक्षणार्थियो का उत्साहवर्धन किया, एवं प्रशिक्षण से आगामी होने वाले फायदों के बारे में बताया। एवं योजनाबद्ध हेतु पंचायत समीति में खाद्य स्टाल लगाने हेतु ब्लाक विकास प्रबंधक से भी बात की जावेगी । इस अवसर पर नाबार्ड द्वारा पूर्व समर्तित किसान भ्रमण कार्यक्रम में गए किसानो को नीबू घास के पौधे दिए गए एवं नाबार्ड के पूर्व में संचालित पाली जेल के बंदियों हेतु किये गए प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरांत छुटे बंदियों को प्रशस्ति पत्र वितरण किया ।जिन्होंने गलत रास्तें छोड़ अपनी आजीविका हेतु बिजली के काम हेतु फैक्ट्री में नौकरी करने लगे है। कार्यक्रम के अंत में नाबार्ड पाली में सफल उद्यमियों हेतु उनकी सफलता की कहानी की प्रथम संपादन पुस्तिका का विमोचन किया गया । इस दौरान आइडियल संसथान से महेंद्र पंवार, प्रशिक्षक सविता देवी, राजीविका से आरपीआरपी अरविंद गरासिया मैना,पिस्ता एवं पूजा मौजूद रहे ।इसके उपरांत नाबार्ड द्वारा प्रायोजित एवं सृजन संसथान आयोजित बाली ब्लाक के कोयलवाव पंचायत में ग्रामीण हाट बाज़ार का उद्घाटन बाली के एसडीएम एवं मुख्य महाप्रबन्धक के द्वारा किया गया ।

## ब्राह्मण महासभा विप्र बंधुओं ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन पत्र

### भाजपा नेता प्रीतम लोधी पर प्रशासन शीघ्र करे कड़ी कानूनी कार्रवाई सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने का काम कर रहे है भाजपा नेता प्रीतम लोधी ,



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** आज ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष बाबा भगवान दास सैंथिया जी के नेतृत्व में भिंड पुलिस अधीक्षक महोदय के नाम डीएसपी हेडक्वार्टर अरविंद शाह को एक ज्ञापन पत्र सौंपा गया ,उक्त ज्ञापन के माध्यम से बताया गया की विगत दिवस शिवपुरी जिले के खरे में एक कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता प्रीतम लोधी के द्वारा अपने भाषणों मैं मंच से ब्राह्मणों के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया था भाजपा नेता प्रीतम लोधी ने ब्राह्मणों के चरित्र पर हमला करते हुए कहा था कि ब्राह्मण बेवकूफ बनाकर भागवत कथा कराते हैं ,और सुंदर महिलाओं को देखकर उनके घर खाना खाने के लिए बोलते हैं देसी घी पकवानों से भोजन की बोलते हैं इतना ही नहीं प्रीतम लोधी ने यह भी कहा था कि पंडित जी बैठेंगे ऊंची जगह पर और तुम सब लोग नीचे बैठोगे , उन्होंने आगे कहा कि प्रीतम लोधी जातिवाद अलगाववाद एवं वेमनुष्यता की गंदी राजनीति कर रहा है ,तथा सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का कृत्य कर रहा है उन्होंने आगे कहा प्रीतम लोधी ने समाज में भेदभाव करके जाति विशेष के लोगों को अपमान करने का काम किया है, उन्होंने आगे कहा कि भाजपा नेता प्रीतम लोधी के द्वारा सभा में मंच पर अशोभनीय अमर्यादित व अपमान कारी वक्तव्य देकर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का कुत्सित प्रयास किया है, उन्होंने आगे कहा कि ब्राह्मण समाज सनातनी धर्मावलंबियों कथावाचकों व धर्म प्रचारक तथा ब्राह्मण समाज के विरुद्ध अत्यंत छुब्दकारी अपमान जनक अमर्यादित व चारित्रिक हनन करने करने वाली शब्दावली का प्रयोग किया है ,जो कि बहुत ही घृणित एवं निंदनीय है उन्होंने आगे का भाजपा नेता प्रीतम लोधी जो पूर्व से ही आपराधिक क्रिमिनल रहा है तथा जिसके ऊपर ग्वालियर चंबल संभाग के कई थानों में आपराधिक प्रकरण भी पंजीबद्ध रहे हैं, इसके बाद समाज के वरिष्ठ पंडित माधोराम शर्मा ने कहा कि प्रीतम लोधी मंच से कह रहा था कि ब्राह्मण 9 दिन तक लोगों को पागल बनाता है ब्राह्मण गेहूं चावल दूध दही मट्ठा फल दान आदि मांगता है ब्राह्मण सुंदर स्त्रियों को देखकर उनके घर भोजन करने जाता है इस तरह प्रीतम लोधी ने ब्राह्मणों को लालची लोभी चरित्रहीन एवं जनता को बेवकूफ बनाने वाला ठहराने की कुचेष्टा की है जिसके सार्वजनिक कथन से ब्राह्मण समाज का घोर अपमान हुआ है ,और जनमानस में उनके प्रतिकूल भावनाएं बनने की आशंका है ब्राह्मण समाज प्रीतम लोधी के इस कृत्य से बेहद आहत एवं आक्रोशित है स्पष्ट रूप से उसका यह कृत्य सभी समाज के वर्गों में शत्रुता घृणा नफरत एवं वेमनुष्यता पैदा करने का है जो कि एक दंडनीय अपराध है प्रीतम लोधी एक आदतन एवं खतरनाक किस्म का अपराधी भी रहा है और उसने सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के लिए जानबूझकर ऐसा कृत्य किया है ,अतः ज्ञापन के माध्यम से हम सब विप्र बंधु यह मांग करते हैं, कि ऐसे खतरनाक और समाज घातक आदतन अपराधी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए तथा हम यही मांग करते हैं कि भाजपा सरकार तत्काल प्रभाव से ऐसे सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का कृत्य करने वाले प्रीतम लोधी पर निष्कासन की शीघ्र कार्रवाई करें तथा ऐसे कृत्य करने वाले भाजपा नेता को तत्काल पुलिस प्रशासन हिरासत में ले ,और कानूनी दंडात्मक कार्रवाई करें ,अन्यथा संपूर्ण मध्यप्रदेश का ब्राह्मण समाज आगामी समय पर सड़कों पर उतर कर बड़ा आंदोलन करने के लिए विवश होगा इस अवसर पर ,पंडित माधोराम शर्मा,अनिल भारद्वाज,ब्राह्मण समाज के प्रवक्ता मुकेश दीक्षित ,डॉ जगदंबा प्रसाद,रामप्रकाश दाड़ी, नमो नारायण दीक्षित ,रमेश चौधरी, माताप्रसाद सैंथिया,सुनील कांकर,बृजेश चौधरी, अनिल बोहरे, भारत भारद्वाज ,संदीप मिश्रा ,अशोक चौधरी ,मनीष देपुरिया ,दीपक चौधरी,सुनील चौधरी, कृपा शंकर शर्मा,अजीत अवस्थी उपेंद्र राजोरिया, अर्पित मुदगल, रामकुमार पुरोहित ,सौरभ बोहरे,एड जगदेव तिवारी , विक्रम उपाध्याय,गोलू तिवारी, आशुतोष शर्मा ,अजय शर्मा ,मनोज शर्मा, अमन त्रिपाठी राजीव उपाध्याय ,देवेश शर्मा अध्यक्ष परशुराम सेना ,विनोद पंडित,बंटी पुरोहित, मार्कंडेय शर्मा पंडित सूरज बरुआ पवन शर्मा बिजोरा अभय पांडे, योगेश सैंथिया ,श्रीकांत दुबे ,रजत मिश्रा, अशोक शर्मा ,अंकुश सैंथिया, राघवेंद्र कांकर,छोटे जारी, सुजीत झा ,संतोष त्रिपाठी ,उमेश शर्मा , सोहन तिवारी,जय प्रकाश दुबे ,संतोष दुबे, अशोक सिकटा,अजय शर्मा ,आशुतोष शर्मा,अजित अवस्थी,गोलू तिवारी,ब्रजेश शर्मा,रामवीर उपाध्याय,पवन शर्मा ,निशांत पुरोहित ,नरेश चौधरी,ओर हिंदुस्तान केसरिया निर्माण संघ क्षत्रिय नेता गिर्राज सिंह तोमर सहित सैकड़ों विप्र बंधु उपस्थित रहे ।

## दगाबाज और हवाबाज नेताओं पर कसी जाएगी नकेल

### पार्टी के खिलाफ काम करने वालों से पद के साथ प्रतिष्ठा भी छिनेगा भाजपा संगठन

**भोपाल ।** पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव से सबक लेते हुए भाजपा ने विधानसभा चुनाव से पहले दगाबाज और हवाबाज नेताओं पर नकेल कसने की तैयारी शुरू कर दी। इसके लिए जिलों से ऐसे नेताओं की सूची मंगाई गई है। बताया जा रहा है कि प्रदेश भाजपा ने तय कर लिया है कि निकाय और पंचायत चुनाव में पार्टी के जिन ओहदेदार नेताओं ने दगाबाजी की है, उनसे पचमढ़ी की बैठक के बाद पद छीन लिए जाएंगे, साथ ही पार्टी का झंडा और लेटरहेड के बल पर अपनी राजनीति चमकाने वाले नेताओं के भी पर कतर दिए जाएंगे। जानकारों की मानें तो प्रदेश संगठन ने इसके लिए अपना होमवर्क पूरा कर लिया है, बस उस पर मोहर लगना शेष है। सूत्रों का कहना है कि ऐसे कुछ नेताओं को कार्यसमिति की बैठक से भी दूर रखा जा सकता है। गौरतलब है कि प्रदेश भाजपा ने निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के लिए संगठन में दायित्व संभाल रहे लगभग प्रत्येक नेता को जिम्मेदारी सौंपी थी। चुनाव के बारे प्रदेश संगठन के पास इनमें से कुछ नेताओं के खिलाफ गंभीर शिकायतें पहुंची हैं। इनमें से कुछ शिकायत पार्टी के समर्थित और अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ काम करने की भी हैं। जिला संगठन की शिकायत मिलने के बाद इन नेताओं से प्रदेश संगठन बेहद नाराज है और उनके खिलाफ कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया है।

**कार्यसमिति की बैठक के बाद होगी कार्रवाई:** गौरतलब है कि पिछले दिनों क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने भोपाल प्रवास के दौरान ऐसे नेताओं पर फौरन कार्रवाई करने को कहा था। पार्टी सूत्रों की मानें तो केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भोपाल प्रवास और पचमढ़ी प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के तत्काल बाद इन नेताओं पर पार्टी बड़ा और कड़ा निर्णय लेगी। बीते दिनों प्रदेश स्तरीय बैठक में ऐसे पदाधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया गया, जिन्होंने निकाय चुनाव में दगाबाजी की है। इसके लिए संगठन ने विभिन्न माध्यम से प्राप्त शिकायतों के आधार पर रिपोर्ट तैयार कराई है। प्रभारियों से भी जानकारी मांगी गई है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एक सप्ताह में कार्रवाई का निर्णय ले लिया जाएगा। वहीं, कुछ विधायक व पदाधिकारियों द्वारा अधिकारियों-कर्मचारियों से दुर्व्यवहार की घटनाएं सामने आने पर कहा गया कि इससे पार्टी की छवि धूमिल होती है। इससे भी नेताओं को बचने की हिदायत दी जा रही है।

**पार्टी का आचार-विचार सिखया जाएगा:** जानकारों की मानें तो क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने भोपाल प्रवास के दौरान प्रदेश संगठन से कहा था कि ऐसे नेताओं की सूची तैयार कराएं, जो दूसरे दल से भाजपा परिवार में शामिल हुए हैं। उन्हें भाजपा की कार्यप्रणाली और आचार-विचार के बारे में बताया जाए। इसके बाद प्रदेश संगठन ने अपने सभी जिलाध्यक्षों से दूसरे दलों से भाजपा में शामिल हुए नेताओं व कार्यकर्ताओं की जानकारी मांगी है। बताया गया है कि इसी माह प्रदेश संगठन ये तय करेगा कि इन नेताओं के ज़लिए कैसे अलग से कार्यक्रम तय कर प्रशिक्षण दिया जाए। इनके प्रशिक्षण के लिए अलग से पाठ्यक्रम तय किया जाएगा। इतना ही नहीं, सभी जिला अध्यक्षों से कहा गया है कि उन्हें काम मिला है तो अच्छे से करें और पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के बीच में काम बांटें लेकिन जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरी करना जरूरी है। संगठन ने यह भी कहा है कि पार्टी के कार्यक्रमों और बैठकों को लेकर सत्ता से सहयोग नहीं लिया जाना है। यह काम संगठन को अपने स्तर पर करना है। इसका भी ध्यान रखा जाए और ऐसे मामलों में शिकायतों की स्थिति नहीं बनने पाए।

**पचमढ़ी में बनेगी चुनावी रणनीति:** स्थानीय चुनाव नतीजों के बाद भाजपा और सरकार दोनों विधानसभा चुनाव को लेकर गंभीर है। 2018 में भाजपा हारी थी, इसलिए उसी हिसाब से तैयारी हो रही है। स्थानीय चुनाव के नतीजों में जहां कमी रही, उन पर पांच दिन के भीतर रिपोर्ट बनेगी। तीन सबक इन चुनाव परिणामों से पार्टी के सामने हैं। पहला टिकट देने में सटीक फैसले करने होंगे। दूसरा असंतोष और बागियों को संभालना जरूरी है। तीसरा, जातिगत सहित सभी समीकरणों के अलावा बूथ सशक्तीकरण जरूरी है। पचमढ़ी चिंतन के बाद इसी पर काम होगा।

## नवनियुक्त जिला पंचायत अध्यक्ष का मौ मंडल में भव्य स्वागत

**महेन्द्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**मौ।** मंडल में मुरैना नवनियुक्त जिला पंचायत अध्यक्ष आरती आकाश गुर्जर का आगमन हुआ उनके साथ



रिंकू भदोरिया मेहगांव राजवीर गुर्जर दंदरौआ मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह ने अपनी टीम के साथ भव्य स्वागत किया इस अफसर पर गोपाल सिंह कुशवाह मंडल अध्यक्ष मौ , रामअवतार गुर्जर जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा भिंड , मेहबूब खां पूर्व पार्षद ,रघुराज गुर्जर जितरबई, सतीश परिहार जिला सह प्रभारी आईटी सेल अनु. जाति मोर्चा भिंड , बेताल सिंह गौड़ कार्यालय मंत्री, रामकेश गुर्जर उपाध्यक्ष , अजय झा शोशल मीडिया प्रभारी , हेमंत विश्वकर्मा (दाऊ ), शुभम राठौर सोनू खांन जिला कोषाध्यक्ष भिण्ड क्रऱेश सिंह गुर्जर राजू मिश्रा सुल्तान मौर्य मंण्डल महामंत्री मौं धर्मैन्द गुर्जर सोंरा रामनरेश कुशबाह अजव सिंह कुशबाह संरपच असोहना एवम सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# गृह मंत्री डॉ. मिश्र ने आईटीएम हॉस्पिटल में किया समता हैल्थ कार्ड का वितरण




ग्वालियर। आईटीएम हॉस्पिटल में स्वास्थ्य सेवाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ लोगों तक पहुँचाने के लिये समता हैल्थ कार्ड की शुरूआत की गई है। इस कार्ड को प्रति वर्ष 350 रूपए से रीचार्ज कराना होगा और इस कार्ड के जरिए साल भर स्वास्थ्य सुविधाएँ कार्डधारक को उपलब्ध होंगीं। प्रदेश के गृह, जेल, विधि विधायी एवं संसदीय कार्य मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने आईटीएम हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर में समता हैल्थ कार्ड का वितरण किया।

शुक्रवार को आईटीएम हॉस्पिटल में समता हैल्थ कार्ड वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता आईटीएम यूनिवर्सिटी की चांसलर सुश्री रूचि सिंह चौहान ने की। इस मौके पर एडीजी श्री डी श्रीनिवास वर्मा, हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. प्रशांत अग्रवाल, प्रोफेसर चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान, पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी सहित गणमान्य नागरिक और हॉस्पिटल से जुड़े चिकित्सिक उपस्थित थे।

गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने कहा कि आईटीएम हॉस्पिटल के माध्यम से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए समता कार्ड की जो सुविधा मुहैया कराई गई है वह सराहनीय पहल है। इससे आम लोगों को बहुत ही कम कीमत पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध होंगीं। गृह मंत्री डॉ. मिश्र ने इस मौके पर प्रतीक स्वरूप समता हैल्थ कार्ड भी वितरित किए।

पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी ने कहा कि आईटीएम यूनिवर्सिटी द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर सुविधा कार्ड के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग के लोगों से भी फॉर्म भरवाएँ और साल में एक दिन फुल बॉडी चैकअप की सुविधा हॉस्पिटल में उपलब्ध हो, ऐसी अपेक्षा है।

कार्यक्रम में आईटीएम युनिवर्सिटी की चांसलर सुश्री रूचि सिंह चौहान, डायरेक्टर प्रशांत अग्रवाल ने भी अपने विचार रखे और समता हैल्थ कार्ड के बारे में विस्तार से जानकारी दी।




# थाना ठाटीपुर पुलिस ने 02 शातिर चोरों को चोरी के मोबाइल एवं सोने-चांदी के जेवरातों सहित किया गिरफ्तार




ग्वालियर। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे* के निर्देश पर ग्वालियर जिले में लूट, नकबजनी, चोरी के प्रकरणों का खुलासा कर आरोपीगणों की धरपकड़ हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 19.08.2022 को पुलिस अधीक्षक ग्वालियर को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि दिनांक 11.01.2022 की रात्री में थाना ठाटीपुर क्षेत्रांतर्गत हुई चोरी की बारदात को अंजाम देने वाले बदमाश को अल्पना टॉकीज के पास देखा गया है। उक्त सूचना पर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा *अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) श्री राजेश डण्डोतिया* को सूचना की तस्दीक कराकर नकबजनी की घटना कारित करने वाले चोरों को पकड़े हेतु निर्देशित किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में नगर पुलिस अधीक्षक मुरार श्री ऋषिकेश मीणा,भापुसे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ठाटीपुर निरी0 पंकज त्यागी को मय थाना बल के मुखबिर के बताये स्थान अल्पना टॉकीज के पास भेजा गया। पुलिस टीम को अल्पना टॉकीज के पास मुखबिर के बताये हुलिये का एक संदिग्ध खड़ा दिखाई दिया, जिसने पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास किया। परन्तु पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति से पूछताछ करने पर उसने थाना ठाटीपुर क्षेत्र में चोरी की बारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये नकबजन की निशादेही पर उसके पास से *चोरी किया गया एक वीवो कंपनी का मोबाइल एवं सोने-चांदी के जेवरात कुल कीमती एक लाख रूपये के बरामद कर* विधिवत जप्त किये गये। पुलिस टीम द्वारा उक्त नकबजन को थाना ठाटीपुर के अपराध में गिरफ्तार किया जाकर उससे जिले में हुई अन्य चोरी की बारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पकड़े गये नकबजन द्वारा दिनांक 11.01.2022 को थाना ठाटीपुर क्षेत्रांतर्गत कुम्हरपुरा स्थित एक घर से मोबाइल तथा सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिये थे जिस पर से थाना ठाटीपुर में अज्ञात चोर के विरूद्ध अपराध क्रमांक 17/22 धारा 457,380 भादवि का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया था।

इसी क्रम में एक अन्य मुखबिर सूचना पर से थाना ठाटीपुर पुलिस को ज्ञात हुआ कि दिनांक 31.05.22 की रात्री में कुम्हरपुरा हॉस्पीटल के पास मोबाइल चोरी करने वाला बदमाश ग्राम रिठौराकलां जिला मुरैना में देखा गया है। थाना प्रभारी ठाटीपुर द्वारा उक्त सूचना पर से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए थाना बल की टीम को मुखबिर सूचना की तस्दीक कर उक्त आरोपी की गिरफ्तारी हेतु भेजा गया। पुलिस टीम को ग्राम रिठौराकलां में मुखबिर के बताये हुलिया का एक संदिग्ध खड़ा दिखाई दिया, जिसने पुलिस बल को अपनी ओर आता देख भागने का प्रयास किया, परन्तु पुलिस टीम द्वारा उक्त संदिग्ध को पीछा कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति से पूछताछ करने पर उसने थाना ठाटीपुर क्षेत्र में चोरी की बारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये चोर की निशादेही पर उसके पास से *चोरी किया गया मोबाइल बरामद किया जाकर* विधिवत जप्त किये गये। पुलिस टीम द्वारा उक्त चोर को थाना ठाटीपुर के अपराध में गिरफ्तार किया जाकर उससे जिले में हुई अन्य चोरी की बारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पकड़े गये चोर द्वारा दिनांक 31.05.2022 को रात में थाना ठाटीपुर क्षेत्रांतर्गत कुम्हरपुरा स्थित हॉस्पिटल से एक मोबाइल चोरी कर लिया था। जिस पर से थाना ठाटीपुर में अज्ञात चोर के विरूद्ध अपराध क्रमांक 315/22 का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया था।

# ग्वालियर में राधा-कृष्ण ने पहने 100 करोड़ के गहने, हीरा पन्ना, माणिक, पुखराज से सजे भगवान

ग्वालियर । जन्माष्टमी पर ग्वालियर के गोपाल मंदिर में भगवान राधा-कृष्ण ने 100 करोड़ के गहने पहने हैं। सिंधिया रियासत के समय के इन गहनों में सोना, हीरा, नीलम, पन्ना, माणिक और पुखराज जैसे बेशकीमती रत्न जड़े हैं। यह गहने एंटिक हैं। मंदिर में सुबह से ही भक्तों का आना शुरू हो गया। रात 12 बजे कृष्ण जन्म तक भक्त भगवान के दर्शन कर सकेंगे।महापौर डॉ. शोभा सिकरवार ने विधि -विधान से पूजा -अर्चना कर जन्माष्टमी पर्व की शुरुआत की।





फूल बाग चौराहे के पास स्थित गोपाल मंदिर में तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। यहां करीब 200 जवान तैनात किए गए हैं। सादा वर्दी में भी सुरक्षा अमला तैनात है। गेट पर एएसपी व सीएसपी स्तर के अधिकारी इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इसके साथ ही पूरा परिसर मेटल डिटेक्टर, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में है।

## माधवराव सिंधिया प्रथम ने की थी मंदिर की स्थापना

गोपाल मंदिर की स्थापना 1921 में ग्वालियर रियासत के तत्कालीन शासक माधवराव सिंधिया प्रथम ने की थी। उन्होंने भगवान की पूजा के लिए चांदी के बर्तन और पहनाने के लिए रत्न जड़ित सोने के आभूषण बनवाए थे। इनमें राधा-कृष्ण के 55 पन्ना जड़ित सात लड़ी का हार, सोने की बांसुरी, सोने की नथ, जंजीर और चांदी के पूजा के बर्तन हैं। हर साल जन्माष्टमी पर इन जेवरातों से राधा-कृष्ण का श्रृंगार किया जाता है। इस स्वरूप को देखने के लिए भक्त सालभर का इंतजार करते हैं। यही वजह है कि भक्तों का दर्शन के लिए तांता लगा रहता है। इनमें विदेशी भक्त भी शामिल रहते हैं।

## नगर निगम हर साल बैंक लॉकर से निकालता है गहने

गोपाल मंदिर में विराजमान राधाकृष्ण के विशेष श्रृंगार के लिए बेशकीमती गहनों को बैंक लॉकर में रखा जाता है। नगर निगम ग्वालियर के पास इनको निकालने व रखने का अधिकार है। जन्माष्टमी से पहले एक समिति बनाई गई थी। जिसने शुक्रवार को इन गहनों को बैंक लॉकर से निकालकर राधा-कृष्ण का श्रृंगार किया।

## साल 2007 से लगातार हो रहा है श्रृंगार

देश की आजादी से पहले तक भगवान इन जेवरातों धारण किए रहते थे, लेकिन आजादी के बाद से जेवरात बैंक के लॉकर में रखवा दिए गए। जो

# संक्षिप्त समाचार

## कृषि मंत्री श्री पटेल 21 अगस्त को ग्वालियर आयेंगे

ग्वालियर। प्रदेश के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के मंत्री श्री कमल पटेल 21 अगस्त को ग्वालियर प्रवास पर रहेंगे। कृषि मंत्री श्री पटेल राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विद्यालय के 14वे स्थापना दिवस समारोह में शिरकत करेंगे। कृषि मंत्री श्री पटेल 21 अगस्त को प्रातः रेल मार्ग द्वारा ग्वालियर आयेंगे। ग्वालियर में प्रातः 10.30 बजे से कृषि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे और रात्रि 11 बजे ग्वालियर से रेल मार्ग द्वारा भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

## मामा का बाज़ार कन्या विद्यालय भी हुआ पीरियड फ्रेंडली

ग्वालियर। आईएससीआई फाउंडेशन के द्वारा मामा का बाजार कन्या विद्यालय को पीरियड फ्रेंडली बनाने के लिए। जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में सैनिटरी नैपकिन मशीनें लगाई आज इस कार्यक्रम के अंतर्गत मामा का बाज़ार कन्या विद्यालय को पीरियड फ्रेंडली बनाने का कार्य किया गया। यह कार्यक्रम आईएससीआई फाउंडेशन अपने सी.एस.आर. सहयोगी एस्सार टिएमटी के साथ कर रहे हैं। फाउंडेशन की निदेशक श्वेता जी ने कहा कि पीरियड्स के कारण कई बच्चियां साल में दो महीने की पढाई से वंचित रहना।इसी समस्या का हल निकालने के लिए यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं में व्यक्तिगत स्वच्छता स्वस्थ जीवन की दिशा में पहला कदम है। मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में डा. कीर्ति धोंडे, महिला इकाई की अध्यक्ष डॉ. सस्मिता मुंगी, डॉ. वीना प्रधान, और डॉ. निशा ठाकुर, ने कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने छात्राओं से स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में सवाल किए और मौके पर ही समाधान और परामर्श प्रदान किया। प्रिंसिपल एम.के.सक्सेना ने कहा कि यह बात करने के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है और उन्हें खुशी है कि आईएससीआई फाउंडेशन ऐसी समस्याओं को दूर करने के लिए कदम उठा रहा है। स्वयंसेवकों प्रांजलि, अदिति और शिवानी ने आयोजन को सफल बनाने में बहुत अच्छा कार्य कर रही है।

## पांच नदियों के जल से जलाभिषेक कर महाराजा मानसिंह जन्मोत्सव प्रारंभ

ग्वालियर। पांच दिवसीय होगा जन्मोत्सव का कार्यक्रम महाराजा मानसिंह संगीत कला एवं सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष राकेश सिंह जादौन ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि 19 अगस्त 2022 को प्रातः 8:00 महाराजा मानसिंह जन्मोत्सव का कार्यक्रम प्रतिमा स्थल गांधी रोड पर शुरू हुआ जन्मोत्सव कार्यक्रम को प्रारंभ करने के लिए नगर के प्रथम नागरिक श्रीमती शोभा सतीश सिकरवार विधायक सांसद विवेक नारायण शेजवलकर जी के आतिथ्य में जलाभिषेक कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जलाभिषेक वैदिक मंत्रोचार द्वारा गायत्री परिवार द्वारा संपन्न कराया गया पुष्प अक्षत माला से महाराजा मानसिंह का श्रंगार किया गया एवं वैदिक रीति से मंत्रोचार कर जन्मोत्सव कार्यक्रम का श्रीगणेश किया गया पांच दिवसीय कार्यक्रम में निबंध प्रतियोगिता श्री शारदा विद्यापीठ गोले के मंदिर पर दिनांक 22 अगस्त को आयोजित की जाएगी संगीत एवं चित्रकला प्रतियोगिता एवं वाद विवाद प्रतियोगिता जेसी मिल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरला नगर दिनांक 23 तारीख को संपन्न कराई जाएगी दिनांक 24 को संगीत गायन प्रतियोगिता चार शहर का नाका कौशलेंद्र सिंह चौहान के निवास पर संपन्न कराई जाएगी इन सभी प्रतियोगिताओं का पुरस्कार बादलगढ़ किला तलहटी पर दोपहर 2:00 बजे किया जाएगा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती शोभा सतीश सिकरवार ने कहा कि महाराजा मानसिंह तोमर कलाप्रेमी तो थे ही साथ ही भारतीय संस्कृति को जिंदा रखने में या नए आयाम देने में महत्वपूर्ण योगदान दीया इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न काव्य रचनाएं की जिनमें मान कोतुहल और महारास लीला का मंचन आज भी भारतीय संस्कृति में जीवंत है सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर जी ने कहा कि महाराजा मानसिंह तोमर सभी जाति धर्म एवं संप्रदाय को आदर प्रदान करने वाले महापुरुष थे जिन्होंने महाराजा काछ्व किताब प्राप्त किया डॉ सतीश सिकरवार विधायक जी ने कहा कि महाराजा मानसिंह सच्चे प्रजा पालक थे।

# अंतर यात्री महापुरुष फिल्म देखने को उमड़ा जैन समाज

**शहनाई के साथ दर्शको को कराया प्रवेश**

**फिल्म का शुभारंभ सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने दीपप्रज्वलन कर किया**



ग्वालियर। कैलाश सिनेप्लेक्स ग्वालियर राष्ट्र संत, शिरोमणि 108 आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज के आध्यात्मिक जीवन पर क्षुल्लक धैर्य सागर जी महाराज के अर्न्तयात्री महापुरूष ग्रँथ पर आधारित बायोपिक शिरोमणि क्रियेशन्स के बैनर तले अनिल कुलचैनिया द्वारा निर्देशित, सतीश देहरा के संगीत निर्देशन में, और अमित कुमार और अनुराधा पौडवाल के द्वारा गाये गीतो से ''अन्तर्या त्री महापुरूष'', द वाकिंग गाड फीचर फिल्म का ग्वालियर के लोकप्रिय सांसद माननीय श्री विवेक नारायण शेजवलकर जी के द्वारा फीता काट कर एवं आचार्य श्री विद्यासागर जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर भव्याति भव्य शहराई वादन के साथ शुभारम्भ किया गया। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि आचार्य प्रसन्न सागर गुरूभक्त परिवारएवं समाज के धर्मानुरागी गणमान्य बंधुओ एवं महिलाओं द्वारा माननीय सांसद महोदय के आत्मीय स्वागत एवं सम्मान शॉल श्रीफल एवं तिलक द्वारा किया गया। साथ ही साथ प्रथम दिवस के धर्मा नुरागी दर्शकों का आयोजक मंडल द्वारा तिलक एवं श्रीफल भेंटकर स्वागत किया गया।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर प्रशांत गंगवाल, डॉ. व्ही, के. डी. जैन, पं. राकेश मुरार, सतेन्द्र जैन डिम्पल, यशवर्धन जैन, मंयक पांड्या, प्रियांक सोनी, अजीत कासलीवाल, पंकज वाकलीवाल, अनिल पाटौदी, रतन अजमेरा, पियूष सिंघई, सलज टडेया, रवीन्द्र सिंघई, उर्मिला जैन ठाटीपुर, राजेश पाटौदी, विवेक चौधरी, अजय जैन मुरार, कमल जैन मुरार, आदि उपस्थित थे ।

# ग्वालियर पहुंचे उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव




## चल समारोह को हरी झण्डी दिखाई

ग्वालियर । अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा ग्वालियर द्वारा आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर चल समारोह एवं विशाल सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सम्मिलित होने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ले चल समारोह को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

ग्वालियर प्रवास के दौरान अखिलेश यादव ने ग्वालियर में कांग्रेस के प्रदेश कोषाध्यक्ष अशोक सिंह, गुना संसद के.पी यादव,वरिष्ठ राजनेता व अधिवक्ता अति सुंदर सिंह ,यादव महासभा के अध्यक्ष वीर सिंह यादव,मितेन्द दर्शन सिंह, सपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक यादव,मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता आर पी सिंह आदि विशिष्टजनों एवं राजनेताओं से मुलाकात कर देश - प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर चर्चा की।

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने दोपहर में कोटेश्वर मंदिर से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर निकाले गए भव्य चल समारोह का हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ किया। इसके उपरांत ग्वालियर के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करने के बाद वे चार्टर प्लेन से ही लखनऊ वापस लौट गए। श्रीकृष्ण जन्मअष्टमी पर यादव समाज दुआर आयोजित चल समारोह नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए गांधी क्लब , गाँधी रोड थाटीपुर पर समापन न हुआ।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478